तापमान
अधिकतम 35.7 डिग्री
न्यूनतम 24.6 डिग्री

हरिभूमि
# इस्पात भूमि
रायपुर, मंगलवार, 21 मई 2024

[ भिलाई | दुर्ग | भिलाई-3 | कुम्हारी | जामुल | उतई | सेलूद | पाटन | अहिवारा | मुरमुंदा | धमधा | अण्डा | जामगांव - आर ]

12 निगम करा रही बारिश पूर्व नाले की सफाई



13 12 वीं पास विद्यार्थियों का भविष्य गढ़ने कॅरियर काउंसलिंग का किया आयोजन



महावीर
डेव्लपर्स & कंस्ट्रक्शन
2 बीएचके
3 बीएचके
भिलाई शहर के प्राईम लोकेशन पर रो हाऊस उपलब्ध



ऑफिस : मनसा कॉलेज के सामने कुरूद, भिलाई
8962925767, 7898523243
9806805510, 9098532856

## खबर संक्षेप

### युवक ने फांसी लगाकर की आत्महत्या

**भिलाई।** युवक ने फांसी लगाकर आत्महत्या कर ली। मामले में पुलिस ने मर्ग कायम कर जांच में लिया है। सुपेला पुलिस ने बताया कि सुपेला निवासी अजय ठाकुर प्लाईवुड का काम करता है। रविवार रात में पति पत्नी के बीच जमकर विवाद हुआ। इसके बाद पत्नी ने डायल 112 में फोन कर दिया था। पुलिस रात में आई और जब पता चला की मामला पति-पत्नी के बीच विवाद में दोनों को समझाकर चली गई। सोमवार सुबह फिर से दोनों पति पत्नी आपस में विवाद हो गया। नाराज होकरअजय अपने कमरे में चला गया और दरवाजा को बंद कर लिया। जब काफी देर तक वह बाहर नहीं निकला तो पत्नी ने दरवाजा खुलवाया। जब अंदर से कोई आवाज नहीं आई तो खिड़की से झांककर देखने पर अजय फांसी पर लटका दिखा। मौके पर पहुची पुलिस ने शव का पंचनामा कर उसे पीएम के लिए भेज दिया।

### कार का कांच तोड़कर नकदी पार

**भिलाई।** कार के पीछे का हिस्सा तोड़कर दस्तावेज और नगदी रकम पार करने का मामला सामने आया है। शिकायत पर पुलिस ने अज्ञात के खिलाफ 379,427 के तहत जुर्म दर्ज किया है। सुपेला पुलिस ने बताया कि कैलाश नगर हाउसिंग बोर्ड जामुल निवासी दीपक शर्मा ने शिकायत किया है कि 19 मई की रात अपने ससुराल लक्ष्मीनगर शीतला तालाब सुपेला आया था। कार को शीतला तालाब मंदिर के पास खड़ी कर ससुराल चला गया। वापस लौटने पर देखा कार का सीसा टूटा पड़ा था। कार के पीछे सीट में एक काला रंग का बैग रखा हुआ था। जिसमें कुछ कागजात नगदी 12 हजार रुपए गायब मिला।

### बुद्ध जयंती कल

**भिलाई।** अभा भिक्खु महासंघ व बुद्ध गया महाबोधि महाविहार ऑल इंडिया ॲक्शन कमेटी के तत्वावधान में बुद्ध सम्ममेलन के साथ-साथ जयंती 22 से 24 मई तक मनाई जाएगी। अन्तर्राष्ट्रीय बुद्ध महासम्मेलन व बुद्ध महोत्सव का आयोजन किया जा रहा है। बुद्ध सम्मेलन में जापान, थाईलैंड, ब्रम्हदेश, श्रीलंका, तिब्बत आदि शामिल होंगे।


गरमाई पानी की सियासत, यूनियनों ने कहा- चुनावी लाभ के लिए 14 दिन जलापूर्ति

# टाउनशिप में फिर होगी पानी की समस्या, आज से एक जून पानी

हरिभूमि न्यूज ▸▸| भिलाई

टाउनशिप में पखवाड़ेभर तक घरों में लबालब पानी के बाद अब फिर से लोगों को पेयजल किल्लत का सामना करना पड़ेगा। भिलाई इस्पात संयंत्र के नगर सेवा विभाग द्वारा मंगलवार 21 मई से फिर से एक ही वक्त जलापूर्ति किए जाने की सूचना जारी की गई है। प्रबंधन ने इसकी वजह मड़ौदा जलाशय में पर्याप्त पानी का भंडार उपलब्ध नहीं होना बताते हुए टाउनशिपवासियों से सहयोग की अपील की है। वहीं दूसरी ओर यूनियनों ने चुनाव निपटते ही भीषण गर्मी में एक जून जलापूर्ति किए जाने पर हैरत और नाराजगी जताते हुए बरसात का मौसम शुरु होते तक दोनों टाइम जलापूर्ति बहाल रखे जाने की मांग की है। गौरतलब हो कि पिछले छह साल से बीएसपी टाउनशिप में क्वार्टरों में एक ही टाईम पानी दिया जा रहा था। गर्मी के मौसम में पानी की किल्लत को देखते हुए दोनों वक्त यानी सुबह शाम जलापूर्ति किए जाने की मांग लंबे समय से की जा रही थी। अचानक सात मई को लोकसभा चुनाव के मतदान के दो दिन पूर्व पहले की तरह टाउनशिप में दोनों टाईम जलापूर्ति किए जाने की सूचना के बाद इस पर अमल भी शुरु कर दिया गया। इसे दुर्ग के सांसद की पहल बताते हुए समर्थकों द्वारा उन्हें श्रेय देते हुए आभार भी छपाया गया। वर्षो बाद दोनों वक्त पानी मिलने से टाउनशिपवासी पानी की कमी नहीं होने से राहत महसूस कर रहे थे। लेकिन एकाएक जिस तरह नगर सेवा ने 14 दिन पूर्व सुबह के साथ शाम को भी जलापूर्ति शुरु की थी, उसी तरह अचानक 21 मई से फिर से एक ही टाईम जलापूर्ति की सूचना से लोगों में निराशा और असंतोष है। यूनियनों ने नगर सेवा विभाग के इस कदम को हैरान और परेशान करने वाला बताया है। इंटक, एटक और एक्टू आदि यूनियनों ने कहा कि केंद्र सरकार के उपक्रम बीएसपी प्रबंधन पर दबाव डालकर चुनावी लाभ के लिए दोनों जून जलापूर्ति कराई गई। मतदान निपटते ही 14 दिन बाद फिर से एक टाईम पानी कर दिया गया। क्या यह पहले से तय था। भीषण गर्मी में एक टाईम पानी देने से बीएसपी कर्मी रहवासियों को किल्लत होगी। यूनियन पदाधिकारियों ने बारिश शुरु होते तक दोनों जून पानी की आपूर्ति जारी रखे जाने की मांग की है। क्योंकि इसी मई में नवतपा की गर्मी बढ़ेगी और जून भी तपेगा। इंटक महासचिव वीबी सिंह ने कहा कि नवतपा जैसी गर्मी में एक टाइम पानी देने से टाउनशिपवासियों को परेशानी होगी। दोनों जून जलापूर्ति बहाल रखी जाए।

**भीषण गर्मी को देखते हुए बरसात तक सुबह शाम जलापूर्ति की मांग**



### प्रेमप्रकाश के कार्यकाल में दोनों वक्त मिलता था पानी

क्षेत्रवासियों ने बताया कि 2014-15 तक जब तक भाजपा नेता प्रेमप्रकाश पांडेय विधायक और मंत्री रहे, टाउनशिप के क्वार्टरों में सुबह शाम दोनों वक्त पानी की आपूर्ति होती रही। इससे लोगों को राहत थी लेकिन इसके बाद सिर्फ एक वक्त पानी मिलने लगा। इससे टाउनशिप वासियों को पानी की किल्लत से गुजरना पड़ रहा है। तिमंजिला आवासों मे तो सबसे ज्यादा समस्या है, जहां पाइप लाइन पुरानी होने ऊपर के क्वार्टरों में पानी नहीं चढ़ता। रहवासी बाल्टी व कुंडी से नीचे के लोगों से निवेदन कर पानी ले जाते हैं।

### प्रबंधन ने की सहयोग की अपील

बीएसपी के नगर सेवा विभाग के जन स्वास्थ्य अभियांत्रिकी अनुभाग द्वारा टाउनशिप में दो टाइम पानी की आपूर्ति सुबह और शाम की जा रही थी। संयंत्र के मरोदा जलाशय–2 में पर्याप्त मात्र में पानी का भंडार उपलब्ध नहीं होने के कारण 21 मई से फिर से एक वक्त ही पानी की आपूर्ति की जाएगी। पानी भंडारण के कमी के कारण टाउनशिप में एक टाइम ही पेयजल प्रदान करना संभव हो पाएगा।नगर सेवाएँ विभाग के अंतर्गत जन स्वास्थ्य अभियांत्रिकी अनुभाग ने टाउनशिप के निवासियों से सहयोग की अपील की है। जनहित के मुद्दों के मामले में भी प्रबंधन राजनीतिक दलों की कठपुतली बना हुआ है। भीषण गर्मी में फिर से एक टाइम पानी देना अव्यवारिक है।

विनोद कुमार सोनी
महासचिव एटक

पाटन थाना क्षेत्र की घटना

# टहलने निकले युवक की सड़क हादसे में मौत

हरिभूमि न्यूज ▸▸| भिलाई

घर से रात में टहलने निकले दो युवकों को बाइक सवार ने पीछे से जोरदार ठोकर मार दिया। हादसे में एक युवक की मौके पर ही मौत हो गई। दूसरे युवक को गंभीर चोट आई है। शिकायत पर पुलिस ने बाइक चालक के खिलाफ धारा 279, 337, 304 ए के तहत जुर्म दर्ज किया है।

पाटन पुलिस ने बताया कि ग्राम पाटन वार्ड 7 निवासी ईश्वर ठाकुर रोजी मजदूरी का काम करता है। पुलिस में शिकायत किया है कि 19 मई की रात निकेश ठाकुर ग्राम लोहरसी ने फोन कर सूचना दिया कि शिवचरण ठाकुर का एक्सीडेंट हो गया है। जो ग्राम झीट के अस्पताल उपचार के लिए ले जाया गया है। शिवचरण ठाकुर दोस्त प्रवेश यादव के साथ घर से खाना खाकर डोकरी तालाब की ओर टहलने निकले थे। बरगद पेड़ के पास छोटेपारा लोहरसी के पास रोड किनारे से जाते समय रायपुर की ओर से बाइक सीजी 07 बीएस 0813 के चालक ने लापरवाही पूर्वक वाहन चालते हुए। शिवचरण, प्रवेश को पीछे से ठोकर मार दी। इस दौरान शौच के लिए डोमेन्द्र चंद्राकर निकला था।

हादसे की आवाज सुनकर सड़क की ओर दौडा तो शिवचरण और प्रवेश सड़क पर गिरे पडे थे। इस दौरान आशीष चंद्राकर को डोमेन्द्र ने फोन कर हादसे की जानकारी दी। हादसे में बाइक चालको को भी चोट आई थी। घटना में शिवचरण को सिर पर गंभीर चोट आई। झीट अस्पताल के डॉक्टर ने शिवचरण को चेक कर मृत घोषित कर दिया। प्रवेश को जबडा और मुंह में चोट आई है। उफचार के बाद डॉ. ने प्रवेश को रायपुर रेफर किया गया। घटना के बाद परिजनों को हादसे की जानकारी दी गई।

- बाइक चालक को भी चोट आई, बाइक को जब्त कर किया कार्रवाई

सस्ता सस्ता सस्ता
न्यु ओम ज्वेलर्स
शादी ब्याह में दुल्हनों के लिए एक से एक सुंदर वेरायटी के गहने उपलब्ध
जितने ग्राम सोना लेने पर उतने ही ग्राम की चांदी बिल्कुल फ्री



916 (22K), 833 (20K), 75 (18K) हॉलमार्क के गहने
अब बिल्कुल सस्ते दामों पर उपलब्ध
आज ही पधारें
★ 100% गारंटी सोना, चांदी, हीरा
★ टोटल हाल मार्क जेवर
★ स्पेशल पर्स, बैग फ्री
★ रिपेयरिंग फ्री
शॉप नं. 64 बी इंदिरा मार्केट, दुर्ग

मौसम विभाग ने जारी किया अलर्ट, सजग रहने का दिया सुझाव

# ट्विनसिटी में रहेगी हीट वेव

हरिभूमि न्यूज ▸▸| भिलाई

25 मई नवतपा लगने के पहले दुर्ग-भिलाई में गर्म हवा चलने की आशंका जताई जा रही है। मई महीने में पहली बार मौसम विभाग ने हीट वेव का अलर्ट जारी किया है। विभाग ने आम नागरिकों से सावधानी बरतने टिप्स भी दिए है। गौरतलब है कि मई महीने में मौसम में लगातार उतार-चढ़ाव देखने को मिला। 25 मई से नवतपा शुरु हो रहा है। लेकिन नवतपा के पहले मौसम विभाग ने हिट वेव जारी कर बढ़ते तापमान की ओर इशारा किया है।



### 2018 में 47 डिग्री पार हो गया था पारा

मई और जून गर्मी के सीजन में सबसे ज्यादा तपता है। आज से 36 साल पहले 31 मई 2018 को दुर्ग जिले का तापमान 47.4 डिग्री तक पहुंच गया है। इसी प्रकार न्यूनतम तापमान 2 मई 2005 में 19.7 तक गिरा था। यह अबतक का सबसे बड़ा रिकार्ड है। जो अबतक टूट नहीं पाया है। बीते 10 साल के आंकड़ों पर गौर करें तो 27 मई 2015 में पारा 46.4 तक पहुंच गया था। इसी प्रकार सबसे कम तापमान पिछले साल 4 मई को 19.4 तक गिरा था। इस साल अधिकतम पारा 42.9 तक चढ़ा है और 20.6 तक गिरा है।

### तापमान में हो रहा उतार-चढ़ाव

मौसम विभाग ने हीट वेव का अलर्ट जारी किया है। 48 घंटे में जिले दुर्ग जिला सहित अन्य कुछ जिलों के तापमान में सामान्य से 5 से 6 डिग्री तक बढ़ोतरी होने की आशंका जताई गई है। दुर्ग जिले का अधिकतम तापमान मई में 42.9 डिग्री तक पहुंचा है। 5 मई को ही मई सबसे ज्यादा तपा था। जबकि सबसे कम तापमान 8 मई को रहा। इस इस रात को तापमान सामान्य से 7 डिग्री तक नीचे गिरा था और पारा 20.6 तक पहुंच गया था। इस दिन अधिकतम तापमान मात्र 35.2 डिग्री था। क्योंकि इस दिन 16.6 एमएम वर्षा हुई थी। हिट वेव जारी होने के बाद अब आशंका जताई जा रही है कि पारा 45 डिग्री के पार हो सकता है।

### गर्म हवा से बचने के उपाए

मौसम विभाग ने हीट वेव के अलर्ट के साथ ही सावधानियां बरतने का सुझाव भी दिया है। नागरिकों को धूप में निकलने से पहले पानी और उपयुक्त तरल पदार्थ का सेवन करते रहने का सुझाव दिया गया है। अनावश्यक रूप से धूप में न निकलें, विशेषकर दोपहर 12 बजे से 4 बजे के बीच। हल्के रंग के कॉटन कपड़े पहनें व पूरे शरीर को ढँककर रखें। यदि कोई व्यक्ति लू से प्रभावित है, तो उस व्यक्ति को छाया के नीचे ठंडी जगह पर लिटाएं। उसे गीले कपड़े से पोंछे-शरीर को बार-बार धोएं। सामान्य तापमान का पानी सिर पर डालें।

दुर्ग न्यायालय का फैसला

# मासूम के साथ अश्लील हरकत, 5 वर्ष की सजा

हरिभूमि न्यूज ▸▸| भिलाई

मासूम बच्ची के साथ छेड़छाड़ कर अश्लील हरकत करने वाले आरोपी को दुर्ग न्यायालय ने पांच साल की सजा दी है। मिली जानकारी के मुताबिक अपर सत्र न्यायाधीश चतुर्थ एफटीसी श्रीमती संगीता नवीन तिवारी की कोर्ट ने 60 वर्षीय आरोपी रायपुर नाका पदमनाभपुर निवासी मदन यादव 8 अगस्त 2023 की शाम 6 वर्षीय मासूम बच्ची के साथ छेड़खानी कर अश्लील हरकत कर रहा था। इस दौरान बच्ची के पडोस में बर्थ डे की पार्टी चल रही थी। बच्चीं भी इसमें शामिल होने पहुची थी। अचानक बिजली गुल होने से आरोपी मदन इसका लाभ उठाते हुए बच्ची के साथ छेड़खानी कर अश्लील हरकत किया। बच्चीं ने घटना की जानकारी परिजनों को दिया। अभियोजन पक्ष की ओर से विशेष लोक अभियोजक संतोष कसार ने पैरवी की थी। आरोपी मदन को न्यायालय ने लैंगिक अपराधों से बालकों का संरक्षण अधिनियम 2012 की धारा 10 के तहत 5 वर्ष सश्रम कारावास की सजा सुनाई है।



- बर्थ डे पार्टी में शामिल होने गई थी बच्चीं
- लाइट गुल होने पर आरोपी ने किया हरकत

इसके अलावा आरोपी पर 500 रुपए अर्थ दंड और अर्थदंड न दे पाने की स्थिति में 1 माह की अतिरिक्त सश्रम कारावास की सजा भी सुनाई गई है।

हरिभूमि
पाठक सूचना
हरिभूमि के सुधि पाठकों को अखबार की प्रतियां नहीं मिल रही हो या अन्य अखबार दिया जा रहा हो तो हमें निम्न नंबर पर संपर्क करें या वाट्सअप करें- दुर्ग, भिलाई
7987328736, 7489348301

दक्षिण पूर्व मध्य से चलने वाली ट्रेनों में

# एलएचबी कोच के साथ चलने वाली सभी ट्रेनों में सामान्य कोच की सुविधा, यात्रियों को राहत

हरिभूमि न्यूज ▸▸| भिलाई

दक्षिण पूर्व मध्य रेलवे से एलएचबी के साथ चलने वाली ट्रेनों में अब दोनों तरफ सामान्य कोच की सुविधा मिलेगी। रेलवे ने यात्रियों को आरामदायक और सुरक्षित यात्रा सुविधा उपलब्ध कराने बेहतर प्रयास कर रहा है। यात्रियों की माँग सामान्य श्रेणी में यात्रा करने वाले यात्रियों की विशेष सुविधा के लिए दक्षिण पूर्व मध्य रेलवे से एलएचबी कोचों के साथ चलने वाली सभी ट्रेनों में यह सुविधा होगी। सुविधा की उपलब्धता से सामान्य श्रेणी में यात्रा करने वाले यात्रियों को ट्रेनों के दोनों साइड सुगम यात्रा सुविधा प्रदान होगी। इनमें इन ट्रेनों 8237/18238 कोरबा अमृतसर बिलासपुर, छतीसगढ़ एक्सप्रेस में कोरबा से 22 मई से, अमृतसर से 24 मई से मिलेगी। 18239/18240 कोरबा नेताजी सुभाषचंद्र बोस इतवारी- कोरबा, शिवनाथ एक्सप्रेस में कोरबा से 23 मई से नेताजी सुभाषचंद्र बोस इतवारी से 22 मई से मिलेगी। 12855/12556 बिलासपुर-नेताजी सुभाषचंद्र बोस इतवारी-बिलासपुर, इंटरसिटी एक्सप्रेस में बिलासपुर से 22 मई से नेताजी सुभाषचंद्र बोस इतवारी से 24 मई से मिलेगी। 20845/20846 बिलासपुर-बीकानेर-बिलासपुर, एक्सप्रेस में बिलासपुर से 25 मई 2024 से और बीकानेर 28 मई से। 20843/20844 बिलासपुर-भगत की कोठी-बिलासपुर, एक्सप्रेस में बिलासपुर से 27 मई से भगत की कोठी से 30 मई से मिलेगी। ट्रेन 22843/22844 बिलासपुर-पटना-बिलासपुर, एक्सप्रेस में बिलासपुर से 24 मई से एवं पटना से 26 मई से, 22815/22816 बिलासपुर-एरणाकुलम-बिलासपुर, एक्सप्रेस में बिलासपुर से 27 मई से, एरणाकुलम से 29 मई से, 12849/12850 बिलासपुर-पुणे-बिलासपुर, एक्सप्रेस में बिलासपुर से 30 मई 2024 से एवं पुणे से 31 मई से मिलेगी।



### यह सुविधा इन ट्रेनों में भी

ट्रेन 12851/12852 बिलासपुर-चेन्नई-बिलासपुर, एक्सप्रेस में बिलासपुर से 2 जून से, चेन्नई 3 मई से ,12853/12854 दुर्ग-भोपाल-दुर्ग, अमरकंटक एक्सप्रेस में दुर्ग से 22 मई 2024 से, भोपाल 23 मई, 18205/18206 दुर्ग-नौतनवा-दुर्ग, एक्सप्रेस में दुर्ग से 23 मई , नौतनवा से 25 मई, 18207/18208 दुर्ग-अजमेर-दुर्ग, एक्सप्रेस में दुर्ग से 27 मई से, अजमेर से 28 मई, 20847/20848 दुर्ग-शहीद कप्तान तुषार महाजन(ऊधमपुर)-दुर्ग, एक्सप्रेस में दुर्ग से 22 मई से, शहीद कप्तान तुषार महाजन(ऊधमपुर) 24 मई से, 18213/18214 दुर्ग-अजमेर-दुर्ग, एक्सप्रेस में दुर्ग से 26 मई, अजमेर 27 मई से, 12823/12824 दुर्ग-निज़ामुद्दीन-दुर्ग, संपर्कक्रांति एक्सप्रेस में दुर्ग से 23 मई एवं निज़ामुद्दीन 24 मई, 18249/18250 रायपुर-कोरबा-रायपुर, हसदेव एक्सप्रेस में रायपुर से 22 मई , कोरबा से 23 मई 2024 से, 18201/18202 दुर्ग-नौतनवा-दुर्ग, एक्सप्रेस में दुर्ग से 22 मई एवं नौतनवा से 24 मई से, 18203/18204 दुर्ग-कानपुर-दुर्ग, बेतवा एक्सप्रेस में दुर्ग से 26 मई से और कानपुर से 27 मई से मिलेगी। 12549/12550 दुर्ग-शहीद कप्तान तुषार महाजन दुर्ग, एक्सप्रेस में दुर्ग से 28 मई, शहीद कप्तान तुषार महाजन 30 मई 2024 से मिलेगी।

आवश्यकता है
हरिभूमि
छत्तीसगढ़ का नंबर 1 अखबार
हरिभूमि समाचार पत्र में टीम लीडर एवं प्रसार सहायक की आवश्यकता है। जिसका हेड क्वाटर राजनांदगांव शहर होगा। कार्यक्षेत्र राजनांदगांव, बालोद, बेमेतरा, कवर्धा जिला रहेगा।
पद : टीम लीडर - 1 पद
योग्यता : स्नातक, उम्र- 25-30 वर्ष
वेतन 12,000 + 2000
पद : प्रसार सहायक - 5 पद
योग्यता : 10वीं, 12वीं, स्नातक, उम्र- 20-30 वर्ष
वेतन 10,000 + 2000
इच्छुक व्यक्ति संपूर्ण बायोडाटा के साथ दिनांक 20 मई से 25 मई 2024 तक निम्न ईमेल आईडी एवं व्हाटसअप नम्बर पर तुरंत संपर्क करें।
हरिभूमि कार्यालय पुजारी पार्क के सामने, टिकरापारा, रायपुर
8370049468, 9098324969
Email id: cir.haribhoomi@gmail.com

## खबर संक्षेप

### हेपेटाइटिस निगेटिव वाले कर्मचारियों को वैक्सीन लगाना अनिवार्य

दुर्ग। स्वास्थ्य विभाग की आयोजित समीक्षा बैठक में मुख्य चिकित्सा एवं स्वास्थ्य अधिकारी डॉ जेपी मेश्राम ने फिजियोथेरेपी कार्य का आनलाइन डाटा इंट्री करने के संबंध में दिशा निर्देश दिए गए। इंडियन रेड क्रॉस सोसाइटी के निर्देश पर आर्गन डोनेशन, अंधत्व निवारण, मेंटल हेल्थ, स्वास्थ्य वालिन्टीयर को प्रशिक्षण, माहवारी स्वास्थ्य, सर्वाइकल कैंसर के संबंध में प्राथमिकता देने, महामारी नियंत्रण कार्यक्रम के तहत सभी बीएमओ को अलर्ट रहने, डेंगू के संबंध में सभी नोडल अधिकारी को स्वच्छता पर विशेष ध्यान देने कहा गया। आईडीएसपी के तहत प्रत्येक दिन का डाटा इन्ट्री आनलाइन करने, एनसीडी कार्यक्रम के तहत सभी मरीजों की आनलाइन डाटा इन्ट्री किया जाना है एवं फालोअप भी किया जाना है। बीपी के मरीजों की उच्चरक्तचाप पासपोर्ट बनाया जा रहा है। निर्देशित किया गया है कि हिपेटाईटिस की टेस्ट सभी कर्मचारियों का किया जाना है। नेगेटिव वाले कर्मचारियों को वैक्सीन लगवाना अनिवार्य होगा।

### मतदान दल अधिकारियों-कर्मचारियों को किया गया मानदेय का भुगतान

दुर्ग। लोकसभा निर्वाचन 2024 संपन्न होने के उपरांत कुल 1509 मतदान केन्द्रों में मतदान दल के कुल 6036 अधिकारियो-कर्मचारियों, पीठासीन अधिकारी को 1200 रूपए के दर से एवं मतदान अधिकारी 1, 2 एवं 3 को 900 रूपए के दर से मानदेय की कुल राशि 58 लाख 85 हजार 100 रूपए का भुगतान उनके बैंक खाते में 13 मई को किया गया है। अपर कलेक्टर एवं उप जिला निर्वाचन अधिकारी श्री बजरंग दुबे से प्राप्त जानकारी अनुसार 1811 पुलिस सुरक्षाकर्मी को 900 की दर से राशि 1629900 रूपए तथा 132 पुलिस सेक्टर अधिकारी को 7500 की दर से 990000 रूपए भुगतान किया गया। इस प्रकार पुलिस अधीक्षक दुर्ग को कुल राशि 2619990 रूपए का चेक जारी किया गया है। 134 सेक्टर अधिकारियों 7500 की दर से राशि 100500 तथा बीएलओ 750 रूपए की दर से मानदेय राशि 1110000 तथा माईक्रो आब्जर्वर मतदान दिवस कार्य में लगे हुए 1200 रूपए की दर से का मानदेय राशि 106800 रूपए का भुगतान 20 मई को किया गया है। क्षेत्रीय परिवहन अधिकारी से प्राप्त 73 वाहन मालिकों के खाते में 1113088 भुगतान किया गया। साथ ही 36 अन्य वाहन जिनके खाते में पूर्व में राशि प्राप्त नहीं हुई थी, उनके बैंक खाते में राशि 240103 रूपए जमा किया गया। यदि किसी अधिकारी-कर्मचारी का मानदेय प्राप्त नहीं हुआ है वे जिला निर्वाचन कार्यालय दुर्ग में संपर्क कर सकते है।

### अनुज्ञप्तिधारियों का चयन 27 को

दुर्ग। वर्ष 2024-25 के लिये दुर्ग जिले की देशी-विदेशी मदिरा की फुटकर दुकानों के अनुज्ञप्त परिसर से संलग्न निष्पादन हेतु शेष रहे अहातों की अनुज्ञप्तियों के आबंटन के लिये 18 मई की सुबह 10:30 से 24 मई शाम 5:30 बजे तक निविदा आमंत्रित की गई है। ऑनलाइन प्राप्त निविदा, निविदाओं में से अनुज्ञप्तिधारियों का चयन की कार्यवाही कलेक्टोरेट सभाकक्ष में 27 मई सोमवार को सुबह 11 बजे किया जायेगा।

# चक्कर आने की शिकायत और तेज बुखार के पहुंच रहे मरीज

हरिभूमि न्यूज ▸▸ दुर्ग

भीषण गर्मी के चलते इन दिनों जिला अस्पताल में लू के मरीजों की संख्या में अचानक वृद्धि हो गई है। अस्पताल के ओपीडी में डेढ सौ से अधिक पर्चियां कटने लगी है। जिसमें ज्यादातर मरीज लू से ग्रसित और तेज बुखार के आलावा डाइड्रेशन के चलते शिकार हो रहे है। हालात यह है कि रोजाना नौ सौ की संख्या में पहुंचने वाले मरीज इन दिनों 11 सौ के आंकडों को तोड गए है।

उल्लेखनीय हैं कि, गर्मी का पारा 42 डिग्री से अधिक हो चुका है। जिसके चलते सडके भी सुनी होने लगी है। जिला अस्पताल के डाक्टरों ने बताया कि, ज्यादातर मरीजों के शरीर में पानी की कमी पाई जा रही है। जिसके चलते उन्हें तत्काल ग्लुकोश चढाने की प्रक्रिया भी की जा रही है। इसके आलावा बाहर खान पीन के कारण भी गर्मी का असर शरीर पर पडने लगा है। जिसके चलते मरीज अधिक सामने आ रहे है। सिविल सर्जन हेमंत साहू ने बताया कि, इन दिनों अचानक डेढ सौ की संख्या रोजाना बढने लगी है। उन्होने बताया कि, ओपीडी में रोजाना ग्यारह सौ से अधिक पर्चियां कटने लगी है।

## गर्मी का पारा 42 डिग्री तक पहुंचा, अस्पताल में बढ़ गए मरीज

### धूप के कारण बाजार में ग्राहकी नहीं

इन दिनों पारे ने ऐसा उछाल मारा है कि, दुर्ग के बाजार में भी सन्नाटा पसरने लगा है। दोपहर बारह बजे के बाद लोग घरों में ही कैद होने लगे है। जिसके चलते सडकों में सन्नाटा पसरने लगा है। वही शाम होने के बाद लोगों को उमस से हालाकान होना पड रहा है। बहरहाल मानसून आने तक पारा इसी तरह सितम ढाएगा। मौमस वैज्ञानिक चंद्रा ने बताया कि, छग में मानसून सक्रिय होने में अभी पच्चीस दिन का समय लगेगा। ऐसे में भीषण गर्मी से लोगों को हालाकान होना पडेगा।



### बोडेगांव से भी पहुंच रहे मरीज

बोडेगांव में अब तक पचास से अधिक मरीज सामने आए है। डायरिया से पीडित मरीजों का जिला अस्पताल और घरों में भी इलाज किया जा रहा है। सीएस श्री हेमंत साहू ने बताया कि, गर्मी से बचने के लिए लोगों को घर से खाली पेट नही निकलना चाहिए। धूप में जाने के दौरान स्कार्फ और चश्मा का उपयोग करना चाहिएर, वहीं रोजाना चार लीटर से अधिक पानी पीना होगा। लू से बचने ठंडे पेय पदार्थो का सेवन करने की जानकारी मरीजों को दे रहे है।

## अनदेखी : अवैध प्लाटिंग के कारण खतरे में रेरा कानून

# नगर निगम में पंजीयन कराकर रेरा कानून से दूर भाग रहे बिल्डर

हरिभूमि न्यूज ▸▸ दुर्ग


आम लोगों के अधिकार को सुरक्षित रखने के लिए राज्य शासन द्वारा रेरा कानून लागू किया गया है। लेकिन जिले में रेरा योजना को लेकर बिल्डर जरा भी गंभीर नही है। भले ही विज्ञापनों और प्रचार-प्रसार में रेरा पंजीयन बता रहे है। जबकि इनके द्वारा रेरा में पंजीयन ही नही कराया गया है। ऐसे भू-माफिया अवैध कालोनी के गोरखधंधा का जाल बिछाकर अवैध प्लाटिंग को अंजाम दे रहे है।

मिली जानकारी अनुसार बिल्डरों को कालोनी डेव्लप करने के लिए नगरनिगम में पंजीयन कराना होता है। निगम के आलावा कालोनाइजर लाइसेंस लेने के साथ ही रेरा में भी पंजीयन कराना होता है, ताकि इस कानून के जरिए आम लोगों की सुरक्षा बरकरार रहे। जानकारी अनुसार दुर्ग नगरनिगम में सिर्फ 83 बिल्डरों ने ही रेरा में पंजीयन कराया है, जबकि जिले में सैकडों प्रोजेक्ट बगैर रेरा में पंजीयन के संचालित हो रहे है। शहर से लेकर गांव तक अवैध प्लाटिंग का करोबार फल फूल रहा है। रेरा के कठिन नियमों से बचने के लिए इन दिनों अवैध प्लाटिंग किया जा रहा है।

## जिलेभर में चल रहा अवैध प्लाटिंग का गोरखधंधा, रेरा कानून का पालन नहीं

### कई कालोनियों में एक्ट का पालन नहीं

देखा जाए तो कई प्राइवेट कॉलोनियों में रेरा एक्ट का पालन नहीं हो रहा है। रेरा वेबसाइट पर सारे दस्तावेज अपलोड किए जाने हैं। लेकिन बिल्डर ऐसा नहीं करते। बताया जा रहा है कि, रेरा ने ऐसे कई प्राइवेट कॉलोनियों के पंजीयन की जांच की तो पाया कि बोशर से लेकर प्रोजेक्ट कॉस्ट में कमियां है, इसलिए अब सर्कुलर जारी कर आदेश दिया गया है। रेरा अधिकारियों के अनुसार प्लान से अधिक जमीन विक्रय करने के कारण पूरी जानकारी नहीं दी जाती। अब प्रमोटर्स नए प्रोजेक्ट रजिस्ट्रेशन के लिए निर्धारित गए प्रारूप में जानकारी देंगे। साथ ही पूर्व से पंजीकृत प्रोजेक्ट की भी जानकारी अपलोड करनी होगी।



### चार हजार करीब प्रोजेक्ट रजिस्टर्ड

दुर्ग नगरनिगम में सैकडों प्रोजेक्ट अवैध चल रहे है। यहां सिर्फ 83 प्रोजेक्ट रेरा में पंजीयन होना बताया गया है। इसमें भी कई बिल्डर प्रोजेक्ट से नाम वापस ले चुके है। पिछले दिनों प्रदेश के एक अन्य जिले में रेरा प्राधिकरण ने पर्याप्त सुविधाएं नहीं देने वाले चार रियल इस्टेट कारोबारियों को डेढ़ करोड़ रुपए लौटाने के निर्देश भी दिए थे और दो महीने में सुविधाएं पूरी करने को कहा था। रेरा प्राधिकरण में अब तक 4 हजार के करीब प्रोजेक्ट रजिस्टर्ड हो चुके हैं। साथ ही 1500 से अधिक प्रमोटर्स और 600 एजेंट भी पंजीकृत हुए हैं। रेरा अधिकारियों का कहना है कि, उपभोक्ताओं को भी ध्यान रखना होगा कि, वे केवल रेरा में रजिस्टर्ड बिल्डर्स, कंपनियों से मकान-जमीन खरीदें।

### रेरा में पंजीयन का लाभ

प्लाट या मकान बुक कराने से पहले यह समझना जरूरी है कि, संबंधित बिल्डर ने अपने प्रोजेक्ट का पंजीयन रेरा में कराया है या नही। रेरा में पंजीयन कराने से कालोनी में बुनियादी सुविधा बिल्डरों को डेव्लप करना होगा। यहां बिजली, सडक, पानी और नाली से लेकर मूलभूत सुविधाएं देनी होगी। जिसके बाद ही खरीददार पूरी राशि का भुगतान करेगें।

### समय पर मकान नहीं देने की शिकायतें

देखा जाए तो रेरा के पास आने वाली शिकायतों में समय पर मकान देने की शिकायत ज्यादा है। इसके साथ ही बोशर में दिखाई जाने वाली सुविधाएं भी उपभोक्ताओं को उपलब्ध नहीं कराई जा रही है। उपभोक्ता भी अब इन सारी चीजों के प्रति जागरूक हो गए हैं और रेरा प्राधिकरण में शिकायतें कर रहे हैं। इसके साथ ही रेरा ने बैंकों को भी आदेशित किया है कि ऐसे किसी भी प्रोजेक्ट का लोन स्वीकृत नहीं किया जाए, जो रेरा प्राधिकरण में पंजीयन न हो। इस आदेश के बाद अब बैंकों द्वारा ऐसे प्रोजेक्टों को स्वीकृत नहीं किया जा रहा है।

# उप पुलिस अधीक्षक पर 25 हजार का जुर्माना

हरिभूमि न्यूज ▸▸ दुर्ग

■ सूचना के अधिकार का जवाब नही देना पड़ा महंगा

सूचना के अधिकार कानून का पालन नही करना डीएसपी को महंगा पड गया। आवेदको को जानकारी से वंचित किए जाने के चलते उन्हें राज्य सूचना आयोग द्वारा दोषी करार देते हुए पच्चीस हजार रूपए का जुर्माना लगाया है, वहीं आगे इस तरह की गलती न दोहराने की नसीहत भी दी गई है।

छत्तीसगढ राज्य सूचना आयुक्त मनोज त्रिवेदी ने शिकायतकर्ता महेंद्र साहू, दुर्ग द्वारा प्रस्तुत शिकायत प्रकरण क्रमांक C/ 318/ 2020 में विचारण उपरांत आवेदक को जानकारी प्रदान नहीं करने का दोषी पाते हुए तत्कालीन जनसूचना अधिकारी सह डीएसपी दिलीप चंद्राकर पर आरटीआई एक्ट 2005 की धारा 20 के तहत 25 हजार का अर्थ दंड निरूपित किया है तथा पुलिस अधीक्षक दुर्ग को उनसे वसूली कर राशि शासकीय कोष में जमा कराया जाना सुनिश्चित करने के निर्देश भी दिए हैं। शिकायतकर्ता महेंद्र साहू को आयोग के उक्त आदेश की कॉपी हाल ही में प्राप्त हुई है।

शिकायतकर्ता महेंद्र साहू दुर्ग ने 11 सितंबर 2019 को उप पुलिस अधीक्षक कार्यालय (इन्वेस्टिगेशन यूनिट क्राईम अगेंस्ट वूमेन भिलाई) के जनसूचना अधिकारी से उन्हीं के कार्यालय से दिनांक 30 अगस्त 2018 को जारी पत्र क्रमांक 7 के संबंध में 6 बिंदुओं में जानकारी चाही थी, परंतु आवेदक को जानकारी उपलब्ध नहीं कराई गई। आवेदक के स्मरण पत्रों के बावजूद भी उसे जानकारी उपलब्ध नहीं कराई गई, जिससे क्षुब्ध आवेदक ने 20 जनवरी 2020 को आयोग के समक्ष शिकायत प्रस्तुत की थी। आयोग से तत्कालीन जनसूचना अधिकारी व उप पुलिस अधीक्षक रहे दिलीप चंद्राकर को अनेकों बार तलब किया गया। वे ना तो आयोग के समक्ष उपस्थित हुए और ना ही कोई सफाई प्रस्तुत की।

### चार साल तक नहीं हुई सुनवाई

उक्त प्रकरण में मूल आवेदन दिनांक 11 सितंबर 2019 को जनसूचना अधिकारी के समक्ष प्रस्तुत किए जाने के उपरांत प्रकरण 4 वर्ष से अधिक समय तक लंबित रहा है। इसके पश्चात छत्तीसगढ़ राज्य सूचना आयुक्त मनोज त्रिवेदी ने पच्चीस हजार के जुर्माने का दंडादेश पारित किया है।

### शिकायत के बाद भी कोई कार्रवाई नहीं

**दुर्ग**। धमधा ब्लाक के अंतर्गत आने वाले अरसी गांव में व निस्तारी के लिए सुरक्षित तालाब में से मछली पालन और गर्मी में जाल, डालकर मत्स्याखेट की शिकायत सामने आई है। खास बात यह है कि न इसकी शिकायत के बाद भी संबंधित विभाग द्वारा कार्रवाई नहीं की जा रही है।

# पुरानी रंजिश के चलते मारपीट दोनों पक्षों के खिलाफ जुर्म दर्ज

हरिभूमि न्यूज ▸▸ भिलाई

■ घटना छावनी थाना क्षेत्र का

भिलाई। पुरानी रंजिश के चलते दो पक्षों में जमकर मारपीट करने का मामला सामने आया है। शिकायत पर पुलिस ने दोनों पक्षों के खिलाफ धारा 294, 506बी, 323, 34 के तहत जुर्म दर्ज किया है। छावनी पुलिस ने बताया कि शारदा पारा केम्प 2 शीतला मंदिर के समीप रहने वाले निवासी दोनों पक्ष मोनू केशरी और विकेश मिश्रा दोनों पेशे से आटो चालक है। किराये के मकान में रहते हैं। बीती रात पुरानी रंजिश को लेकर विक्की उर्फ विकेश मिश्रा अपने साथी किशन, गुल्लु के साथ मोनू केशरी से विवाद करने लगा। तीनों ने एक राय होकर मोनू को हाथ मुक्के से जमकर मारपीट करने लगे। इस दौरान मोनू का साला आलोक तिवारी भी मारपीट करने लगा। विकेश ने पुलिस को बताया कि मोनू के दोस्त के साथ पुराना रंजिश था। दोनों ने आपस में समझौता कर लिया था लेकिन उसी बात को लेकर मोनू केशरी और उसके साथी आलोक, शंभु तिवारी तीनों बीती रात एक राय होकर उससे मारपीट किए। गुल्लू और आलोक ने पास पड़े लाठी डण्डे से मारपीट किया। घटना में विकेश, आलोक के सिर पर चोट आई है। मारपीट में विकेश की मां सीता के दाहिने हाथ में चोटे आई है। पुलिस ने मामले में दोनों पक्षों के 6 लोगों के खिलाफ कार्रवाई किया है। वहीं दूसरी घटना सड़क 13, क्वा 1 डी सेक्टर 11 जोन 1 खुर्सीपार निवासी हारून रसीद एसकेएस इस्पात कम्पनी सिलतरा में इलेक्ट्रिशियन पद पर है। घर से ड्युटी जा रहा था तभी परशुराम चौक पर बाइक में तीन अज्ञात युवकों ने उसे जान से मारने की धमकी देकर हमला कर दिया। हारून मोके से डर कर मोहल्ले की तरफ चिखते भाग गया। तीनों युवक बाइक से कैनाल रोड की ओर फरार हो गए। घायल हारून ने लाल बहादुर शास्त्री अस्पताल सुपेला में उपचार के लिए दाखिल कराया गया है।

# जिले में हो रही अवैध शराब की धड़ल्ले से बिक्री

दुर्ग। चुनाव के दौरान अखबारों में कार्यवाही की सुर्खियां बटोरने वाले आबकारी अफसर इन दिनों मैदानी स्तर से गायब है। चुनाव के बाद एक बार फिर से अवैध शराब की बिक्री जोरो पर चल रही है। शहर से लेकर गांव में अवैध शराब की नदियां बह रही है। यही नही अवैध शराब के आलावा ओव्हर रेट की भी शिकायत सामने आ रही है। शराब दुकानों में शराब का शार्टेज बताकर ग्राहको से अतिरिक्त राशि वसूली करने की शिकायत सामने आ रही है। लोकसभा चुनाव के बाद आबकारी विभाग द्वारा सिर्फ एक कार्यवाही की गई है। ग्राम बिरेभाट में लंबे समय से अवैध शराब विक्रय की शिकायत मिल रही थी। इस पर संज्ञान लेते हुए आबकारी विभाग के अफसरों को कार्रवाई के निर्देश दिए थे। जिसमें आरोपी अजय नि नौरंगे पिता दिलीप नौरंगे के कब्जे से म 50 नग पाव देशी मदिरा मसाला, जिसकी मात्रा 9 बल्क लीटर और बाजार मूल्य 5500 रुपए है, जब्त किया गया। आरोपी के खिलाफ आबकारी अधिनियम की धारा 34(2) तहत प्रकरण कायम किया गया। इसी तरह आरोपी पार्वती नौरंगे पति दिलीप नौरंगे के कब्जे से 18 पाव देशी मदिरा मसाला, जिसकी मात्रा 3.24 बल्क लीटर व बाजार मूल्य 1980 रुपए है, जप्त किया गया। आरोपी के खिलाफ आबकारी अधिनियम की धारा 34(1) ख के तहत प्रकरण कायम किया गया है। पहले भी इसी तरह की शिकायतों पर कार्रवाई की गई है।

# मतगणना स्थल में आवश्यक व्यवस्था के लिए अधिकारियों को सौंपा गया दायित्व

हरिभूमि न्यूज ▸▸ दुर्ग

■ 4 जून को मतगणना, सफल संचालन की कवायद

कलेक्टर एवं जिला निर्वाचन अधिकारी सुश्री ऋचा प्रकाश चौधरी ने लोकसभा निर्वाचन 2024 के अंतर्गत संसदीय निर्वाचन क्षेत्र 07 दुर्ग के मतगणना हेतु आवश्यक व्यवस्था सुनिश्चित करने नोडल प्रभारी अधिकारी नियुक्त किया है। जिला निर्वाचन कार्यालय से मिली जानकारी अनुसार मतगणना कार्य 04 जून 2024 को श्री शंकराचार्य प्रोफेशनल विश्वविद्यालय जुनवानी भिलाई में किया जाएगा। जिसके सफल संचालन के लिए मतगणना स्थल के संपूर्ण व्यवस्था के नोडल अधिकारी अश्वनी कुमार देवांगन मुख्य कार्यपालन अधिकारी जिला पंचायत दुर्ग तथा लोकेश चंद्राकर आयुक्त नगर पालिक निगम दुर्ग संयुक्त रूप से रहेंगे। इनके मार्गदर्शन में मतगणना संबंधी विभिन्न कार्य व्यवस्था हेतु नोडल अधिकारी, सहायक नोडल अधिकारी, सहयोगी अधिकारी एवं कर्मचारी की नियुक्ति की गई है। जिसके अंतर्गत मतगणना स्थल में कानून व सुरक्षा व्यवस्था का दायित्व अरविन्द कुमार एक्का अतिरिक्त जिला दण्डाधिकारी दुर्ग एवं अभिषेक झा अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक दुर्ग को दिया गया है। मतगणना से संबंधित संपूर्ण प्रशिक्षण मतगणना हेतु कर्मचारियों का रेण्डमाईजेशन एवं विधानसभावार नियुक्ति आदेश जारी करने का दायित्व अश्वनी कुमार देवांगन मुख्य कार्यपालन अधिकारी जिला पंचायत को दिया गया है। मतगणना संबंधी सामग्रियों की चेक लिस्ट अनुसार उपलब्ध कराना, स्टेशनरी एवं फोटोकापी इत्यादि की व्यवस्था का दायित्व महेश सिंह राजपूत डिप्टी कलेक्टर श्रीमती पुष्पलता ध्रुव जिला पंजीयक दुर्ग एवं सुश्री ममता टावरी तहसीलदार संबद्ध जिला निर्वाचन कार्यालय को सौंपा गया है। मतगणना स्थल में बेरिकेटिंग तथा दिव्यांग जनों हेतु रैम्प की व्यवस्था एवं सहायता केंद्र की स्थापना का दायित्व लवकेश ध्रुव डिप्टी कलेक्टर दुर्ग एवं कार्यपालन अभियंता लोक निर्माण विभाग भवन एवं सड़क को सौंपा गया है। मतगणना से संबंधित वीडियोग्राफी हेतु श्रीमती मोनिका वर्मा आयुक्त नगर पालिक निगम रिसाली को नोडल अधिकारी बनाया गया है। वहीं निर्वाचन नियम पुस्तक तथा मतगणना से संबंधित प्रारूप उपलब्ध कराना आदि शामिल हैं।

## नाला साफ-सफाई का महापौर ने किया निरीक्षण


# निगम कर रहा बारिश पूर्व नाले की सफाई

हरिभूमि न्यूज ▸▸ दुर्ग

नगर पालिक निगम सीमा क्षेत्र अंतर्गत वर्षा ऋतु के पूर्व शहर के सभी बड़ी छोटी नालियों व नालों की साफ-सफाई हेतु समुचित व्यवस्था

■ खुद की चेन माउंटिंग मशीन से हो रही सफाई

किए जाने को लेकर सोमवार को महापौर धीरज बाकलीवाल, स्वास्थ्य प्रभारी हमीद खोखर, संजय कोहले, मनदीप सिंह भाटिया एवं स्वास्थ्य अधिकारी जावेद अली के साथ गुरुद्वारा स्थित स्टेशन रोड नाला में चैन माउंटेन मशीन से नाले के अंदर तल तक हो रहे सफाई कार्य



का निरीक्षण किया। इस दौरान उन्होंने कहा कि वर्षा ऋतु के पूर्व शहर के सभी बड़ी नालियों व नालों की सफाई की जाए। कुछ दिनों बाद वर्षा ऋतु शुरू हो जाएगी। शहर में जल भराव की स्थिति उत्पन्न न हो। आपको बता दे कि इस वर्ष नगर निगम द्वारा क्रय किए गए मिनी चैन माउंटेन मशीन द्वारा नालों की सफाई कार्य जारी है। नगर निगम द्वारा पूर्व वर्षों से ठेके के माध्यम से नाला सफाई का कार्य कराया जाता था। अब नगर निगम द्वारा खुद की तीन माउंटेन मशीन से बेहतर सफाई कार्य किए जाने से सफाई कार्य अभियान को करने में काफी सफलता प्राप्त हो रही है। नगर निगम द्वारा वर्षा ऋतु से पूर्व बड़ी नालियों व नालों की सफाई व्यवस्था दुरुस्त की जा रही है। महापौर ने कहा कि नगर निगम द्वारा सफाई को लेकर हर संभव प्रयास किया जाता रहा है। लोगों को भी अपनी स्वच्छता की आदतों को बेहतर बनाते हुए नालियों में कचरा डालने की आदत को सुधारना होगा, तभी हमारा शहर स्वच्छता के रूप में एक मॉडल बन पाएगा। महापौर ने अधिकारियों को निर्देशित किया कि वर्षा ऋतु के पहले शहर के सभी बड़ी नालियों और सड़कों की साफ-सफाई करना आवश्यक है। बड़े नालों का गहरीकरण किया जाए ताकि बारिश के पानी की निकासी हो सके। बारिश में जगह-जगह जल भराव की स्थिति उत्पन्न होने से नगरवासियों को काफी परेशानियों का सामना करना पड़ता है।

Health Town
डॉ. ठाकुर वुमन एंड चाइल्ड होम्योपैथिक क्लीनिक
Dr. Srishti Thakur
D/o Late Dr. Jitendra Thakur
For Appointment
7987959244
स्त्री रोग संबंधित समस्त समस्याएँ जैसे
PCOD|मासिक धर्म अनियमितता | अल्प स्त्राव मासिक|
इनफर्टिलिटी | बच्चने दानी की गांठ | स्तन की गांठ
सभी प्रकार के शिशु एवं बाल रोग जैसे
ADHD | AUTISM | व्यवहारिक चिकित्सा
टांसिल उम्र के हिसाब से वजन कम होना दांत निकलते समय की परेशानी रात को बिस्तर गीला की बीमारी इत्यादि।
शॉप नं.1,गोपिया पारा चौक, पटेल कॉम्प्लेक्स, रायपुर Online परामर्श उपलब्ध | दवाइयाँ कुरियर द्वारा भेजने की सुविधा
Maa Ad.

मूत्र किडनी एवं प्रोस्टेट
समस्त किडनी रोग गुर्दा, नेफ्रोलाजी किडनी में सुजन दर्द पेशाब कम होना या रूकावट जलन, सिरम क्रियेटिनिन, यूरिक एसिड, यूरिया का बढ़ना पैरो या आंखो में सूजन अगर डायलिसिस में चल रहे हो या किडनी बदलने कि नौबत आ गई हो तो इस चिकित्सा से जीवन बच सकता है, यह चिकित्सा किडनी के नेफ्रान्स सेल को पुनः एक्टीवेट (रिजनरेट) अर्थात् फिर से जीवन प्रदान करता है यूरेथास्ट्रेक्चर (मूत्र नली का सिकुड़न) पेशाब न उतरना, बूंद बूंद टपकना या बन्द होना, आपरेशन कि आवश्यकता नहीं होती एवं पेशाब में जलन, पीला लालिमा रहना या खून या मवाद आना। प्रोस्टेट विकार बार बार पेशाब होना, बूंद-बूंद या रूकना, इसके कारण सेक्स में आई कमजोरी। समय : 11 से 3 बजे तक
जीवन ज्योति क्लीनिक डॉ. आर अग्रवाल (हर्बल मेडिसीन) नया बस स्टैण्ड के अंदर, गोलू पोहा जलेबी होटल के ऊपर शॉप नं. 25 दुर्ग (छ.ग.)
स्थायी चिकित्सा परामर्श के लिए मिले मो. 7587099540 (आने से पहले फोन करें)


विज्ञापन हेतु संपर्क करें : 0771- 4242213, 7987119756, 9303508133

# लोक संस्कृति को बचाकर रखने से कलाकारों का आत्म सम्मान बढ़ेगा: ताम्रध्वज

हरिभूमि न्यूज ▶▶| निकुम

## निकुम में तीन दिवसीय नाचा गम्मत महोत्सव से नाचा कलाकारों को फिर मिल रही पहचान



ग्राम निकुम में 17 मई से 19 मई तक तीन दिवसीय स्व. दाउ रामचन्द्र देशमुख प्रदेश स्तरीय नाचा गम्मत महोत्सव आयोजन के माध्यम से दर्शकों में हर्षोल्लास के वातावरण में नाचा कलाकारो द्वारा मनोरंजन के माध्यम से नशामुक्ति, शिक्षा के प्रति जागरुकता, स्वच्छता, जागरुकता के बीच एक से एक प्रसिद्ध नाचा गम्मत के 18 पार्टी ने अपनी प्रस्तुति देकर दर्शकों को नाचा गम्मत से लुप्त हो रही कला को बचाने प्रस्तुति दिया। वहीं दर्शकों ने खूब सराहा।

इस आयोजन के समापन समारोह में मुख्यअतिथि पूर्व गृहमंत्री ताम्रध्वज साहू सहित संयोजक प्रदेश स्तरीय नाचा महोत्सव जनपद सदस्य रुपेश देशमुख, ग्राम सरपंच मुक्ति सुधाकर सहित अतिथियों ने सभी का आभार जताया। वही पूर्व मंत्री ताम्रध्वज साहू ने मंच से नाचा गम्मत देखा। इस अवसर पर पूर्व गृहमंत्री ताम्रध्वज साहू ने कहा कि नाचा गम्मत की लोक कला संस्कृति लुप्त हो रही है, इसे भी संजोकर रखे, जिससे लोक कलाकारों का आत्मसम्मान बढ़े। वहीं सफल आयोजन पर युवा जनपद सदस्य रुपेश देशमुख को बधाई दिया। वही प्रदेश स्तरीय नाचा गम्मत संयोजक व जनपद सदस्य रुपेश देशमुख ने कहा कि नाचा गम्मत को सहजने संकल्प लेते हुए कहा नाचा महोत्सव से कलाकारों को फिर से पहचान मिल रही है, हम अपनी संस्कृति कला, माटी से जुड़ रहे हैं। अब निकुम आने वर्ष में फिर से भव्य रुप से नाचा गम्मत महोत्सव 2025 में होगा । वहीं इस आयोजन में प्रदेश के 300 पंजीकृत नाचा के कलाकार पहुंचे जिसमें कुल 18 नाच पार्टीयों ने समाज, परिवार, गांव, शहर, परिवारिक, अंधविश्वास, रुढ़ीवादी पर बेहतर संदेश दिया। इस अवसर पर सरंपच निकुम मुक्ति सुधाकर, रुदा संरपच हुल्ली बाई साहू,पूर्व जिला पंचायत सदस्य नंदकुमार साहू, नाचागम्मत प्रदेश अध्यक्ष रंजित चक्रधारी, प्रदेश उपाध्यक्ष तुलेश्वर वर्मा, प्रदेश सचिव ध्रुव कुमार साहू सहित माखन साहू व बड़ी संख्या में ग्रामीण जन नाचा महोत्सव देखने अंचल से पहुंचे।

## खबर संक्षेप




### समर कैंप में बच्चों ने दिखाई प्रतिभा

**सेलूद।** मिडिल स्कूल दरबार मोखली स्कूल में चल रहे समर कैंप में हर दिन बच्चों में एक नई प्रतिभा देखने को मिल रही है और वे हर दिन अपनी प्रतिभा को निखारने में सफल हो रहे हैं। कैंप के पांचवा दिन सोमवार को बच्चों ने पेपर पर पेंटिंग की। पेंटिंग में न केवल रंगों का बेहतरीन उपयोग किया बल्कि उसके विषय भी काफी आकर्षक व संदेश भरे रहे। शासकीय पूर्व माध्यमिक शाला दरबार मोखली में पर्यावरण विषय पर विद्या और उर्वशी के द्वारा बच्चों को मोहक एवं आकर्षक चित्रकला करना सिखाया गया जिसमें बच्चे रंगों के साथ खेलना और सही रंगों का इस्तमाल करना भी सीखा। तीसरे एवं चौथे दिन बच्चों ने योगाभ्यास कर योग के आयामों को जाना। इस कैंप में शिक्षक राकेश साहू, प्रधान पाठक हीरा वर्मा, संकुल समन्वयक कैलाश कुमार ध्रुव उपस्थित थे। चित्रकला सीखने के लिए पूजा वर्मा, श्रृष्टि, गौरव, देविका, खुशबू यादव, भूमिका ठाकुर एवं अन्य बच्चे उपस्थित थे।

### शासन के नियमों की अवहेलना करते हुए पात्र सूची जारी करने से आक्रोश

# स्वामी आत्मानंद स्कूल निकुम की भर्ती प्रक्रिया में अनियमितता की हो जांच

हरिभूमि न्यूज ▶▶| अंडा

## आवेदको एवं पालकों ने जांच पश्चात आवश्यक कार्यवाही की मांग की





स्वामी आत्मानंद स्कूल निकुम जिला दुर्ग में हुए एडमिशन भर्ती प्रक्रिया में अनियमितता की जांच पश्चात आवश्यक कार्यवाही की जाए। स्वामी आत्मानंद स्कूल निकुम जिला दुर्ग में कक्षा पहली से कक्षा दसवीं तक के शैक्षणिक सत्र वर्ष 2024-25 में एडमिशन भर्ती प्रक्रिया माह मई, 2024 में पूरी कर फायनल लिस्ट जारी की गयी है। जिसमें जारी पात्र सूची में कई अनियमितता पाई की गयी है जिससे हम पालकगण, आवेदकगण में काफी नाराजगी एवं रोष है। शासन के नियमानुसार पालकगण, आवेदकगण के पुत्र, पुत्री का नाम पात्र सूची लाटरी सिस्टम द्वारा किया जाना था जो कि नहीं किया गया है। किसी भी पालकगण, आवेदकगण को कोई सूचना जैसे मोबाईल पत्र के माध्यम से सूचना नही दी गई है। इस प्रकार शाला प्रबंधक, शाला विकास समिति के अध्यक्ष, चयन समिति के सदस्यगण द्वारा मनमानी कर अपनों को लाभ पहुंचाते हुए शासन के नियमों का अवहेलना करते हुए पात्र सूची जारी की गयी है। जिस बात की जानकारी हम आवेदकगण, पालकगण को है। यह कि 11 मई को किसी भी पालकगण, आवेदकगण को बगैर सूचना दिये शाला प्रागंण के सूचना बोर्ड में बगैर लाटरी सिस्टम द्वारा शाला प्रबंधक शाला विकास समिति के अध्यक्ष चयन समिति के सदस्यगण द्वारा अपने परिचितों के पुत्र पुत्रियों का फायनल लिस्ट तैयार कर पात्र सूची जारी किया गया है जिस पर हम आवेदकगण, पालकगण को आपत्ति है।

जबकि ऑन लाईन आवेदन में यह दर्शाया बताया गया है कि बच्चों का चयन प्रक्रिया लाटरी सिस्टम से किया जाना है ऐसा ना करके शाला प्रबंधक, शाला विकास समिति के अध्यक्ष, चयन समिति के सदस्यगण द्वारा अपने परिचित बच्चों का विधि विरुद्ध तरीके से चयन किया है। ग्राम नगपुरा, कुम्हारी, अर्जुन्दा, मोंहदीपाट में सभी पालकों की उपस्थिति में 15 मई को लॉटरी सिस्टम से छात्र/छात्राओं की पात्रता सूची जारी किया जा रहा है। जबकि ग्राम निकुम के स्वामी आत्मानंद स्कूल में उक्त संबंध में किसी प्रकार का सूचना आवेदकगण, पालकगण को नहीं दिया गया था। जो कि घोर लापरवाही है। आवेदकगणों ने निवेदन किया है कि स्वामी आत्मानंद स्कूल में बगैर लाटरी सिस्टम में शाला प्रबंधक, शाला विकास समिति के अध्यक्ष, चयन समिति के सदस्यगण द्वारा 11 मई को फायनल लिस्ट पात्र सूची जारी किया गया है। उक्त फायनल लिस्ट को निरस्त कर उक्त लोगों के विरूद्ध विभागीय जांच कर कानूनी कार्यवाही कर पुनः स्वामी आत्मानंद स्कूल निकुम जिला दुर्ग में समस्त पालकगण, आवेदकगण की उपस्थिति में लाटरी सिस्टम निकालकर पुनः प्रवेश सूची पात्र सूची जारी करने की कृपा करे। समस्त आवेदकगण, पालकगण, शिकायत कर्ता अश्वनी सेन, उमाशंकर निषाद, पुनितराम वर्मा, मोरजध्वज बेलचंदन, चन्द्रहास, पुनित राम निर्मलकर, तामेश्वर निर्मलकर, देवेन्द्र कुमार सहित अन्य ग्रामीण जन उपस्थित थे।

## 12 वीं पास विद्यार्थियों का भविष्य गढ़ने कॅरियर काउंसलिंग का किया आयोजन



हरिभूमि न्यूज ▶▶| सेलूद

- प्रिज्म संस्थान में विद्यार्थियों को दी जानकारी

प्रिज्म संस्थान में 12वीं पास विद्यार्थियों के लिए करियर काउंसलिंग का आयोजन किया गया। जिसमे विभिन्न विद्यालयों के पच्चास से अधिक विद्यार्थियों ने भाग लिया। कार्यक्रम को आईटीआई के एचओडी सनत ने कोऑर्डिनेट किया तथा बीएड की प्राध्यापिका मीनाक्षी देवी ने संचालित किया। इस अवसर पर प्रिज्म की डायरेक्टर ख्याति साहू ने विद्यार्थियों को सर्वप्रथम पास होने की बधाईयां दी और उन्हे संबोधित करते हुए बताया कि विज्ञान विषय के विद्यार्थी अपने संबंधित अध्ययन के साथ-साथ स्वरोजगार के लिए डी फार्मा का कोर्स भी प्रिज्म कॉलेज से कर सकते हैं। साथ ही बताया कि प्रिज्म संस्था में आईटीआई, कोपा, स्टेनो, इलेक्ट्रीशियन, फाइटर बीएससी बायो, मैथ्स, कंप्यूटर साइंस, बीए, बीबीए, बीकॉम कोर्स कराए जाते हैं। एक डायरेक्टर के तौर पर उन्होंने बच्चों को बताया कि वह विभिन्न पदों के लिए कैंडिडेट का इंटरव्यू लेती रहती हैं और साक्षात्कार के दौरान वह यह देखती है कि, यदि किसी कक्षा में कम मार्क्स भी है परंतु कैंडिडेट ने साक्षात्कार बहुत ही प्रभावपूर्ण तरीके से दिया है तो ऐसे विद्यार्थियों को चयनित कर लिया जाता हैं, जिसे पुनः प्रशिक्षण देकर उसे स्किल्ड बनाया जाता है अतः अध्ययन के साथ-साथ व्यवहारिक ज्ञान का होना भी परम आवश्यक है। तत्पश्चात प्रिज्म प्राचार्य डॉक्टर अंजना शरद ने विद्यार्थियों को संबोधित करते हुए नई शिक्षा नीति 2020 के महत्व को बताया और साथ ही चार वर्षीय पाठ्यक्रम आईटीईपीके की जानकारी भी दी। इसके उपरांत आइक्यूएसी कोऑर्डिनेटर डॉ. दुर्गा त्रिपाठी ने एनर्जाइजर के द्वारा विद्यार्थियों को जागृत कर पीपीटी के माध्यम से विद्यार्थियों के करियर में आने वाली समस्याओं तथा उनके समाधान को विस्तार पूर्वक समझाया। इस अवसर पर सभी विद्यार्थियों को उनके उज्जवल भविष्य की कामना के साथ कार्यक्रम का समापन किया गया।

# छग पुलिस भर्ती फिजिकल प्रशिक्षण व खेलकूद का निःशुल्क शिविर

हरिभूमि न्यूज ▶▶| अंडा





- प्रशिक्षण में आसपास के ग्राम पंचायत के सरपंचों का मिलता है सहयोग

दुर्ग जिले के अंतर्गत ग्राम अंडा में लक्ष्य मैदान अंडा के द्वारा छत्तीसगढ़ पुलिस भर्ती फिजिकल प्रशिक्षण शिविर निःशुल्क दिया जा रहा है इसमें पुलिस भर्ती से संबंधित लंबी कूद 800 मीटर, 100 मीटर, ऊंची कूद, गोला फेंक व साथ में कबड्डी, रनिंग, क्रिकेट, फुटबॉल, वुशु खेलकूद बारीकी से प्रशिक्षण केसै तैयारी करना है बच्चों को दिया जा रहा है। प्रशिक्षण में लगभग आसपास के 10 गांव के 100 बच्चे बालक-बालिका ले रहे हैं। यह मैदान विगत 20 सालों से संचालित है इसमें से बहुत सारे बच्चे देश की सेवा में अपना सेवा दे रहे हैं। प्रशिक्षण में सहयोग आसपास के ग्राम पंचायत के सरपंचों के द्वारा मिलता है। साथ ही प्रशिक्षण के रूप में सैनिक भाई का योगदान रहाता है जो छुट्टी में आते हैं वह भी समय-समय में बच्चों को मोटिवेशन और प्रशिक्षण देते हैं। प्रशिक्षण में प्रमुख सहयोगी व मार्गदर्शन भारत यादव, खिलेंद्र चंद्राकर, युवराज देशमुख, उदित नारायण साहू, भारत भूषण साहू, गुलशन दिल्लीवार, अनिल कुमार सिन्हा, निशांत चंद्राकर, बंटी चंद्राकर, एमन देशमुख, सुमेंद निषाद, राहुल देशमुख, खिलेंद धीवर, गालव देशमुख, मनीष, डिलेश साहू, तोईस धीवर, दुष्यंत साहू, विक्रम देशमुख, खिलेंद साहू, उमेश साहू, टोमेंद्र देशमुख, मोरध्वज साहू व ग्राम पंचायत कुथरेल उपसरपंच लोमस चंद्राकर आदि का विशेष सहयोग रहा है। प्रशिक्षण लेने वाले कुछ खिलाड़ियों का नाम दीपेश देशमुख, छविता दिल्लीवार, रश्मि धीवर , सोनाली ओझा, कुलेश्वरी पटेल, जीतेंद्र कुमार साहू, कमलेश साहू, पंकज, प्रशांत, मिथिलेश देशमुख, चित्रसेन, सोनू साहू, सोनू देशमुख, मनीष यादव, पीयुषा देशमुख, प्रीति, नम्रता, सुमन देशमुख, सुमन सोनवानी, रितिक यादव, आकाश, विवेक, अंजलि, भूमिका, गुलाब, राकेश चक्रधारी, चंदन देशमुख, पेमीन, धनेश्वरी, पायल साहू आदि उपस्थित थे।

# कबीर आश्रम सेलूद में दो दिवसीय संत समागम समारोह 1 जून से

हरिभूमि न्यूज ▶▶| सेलूद



- 1 व 2 जून को किया जाएगा आयोजन

आयोजक कबीर आश्रम मानव सेवा ट्रस्ट संस्थान, सेलूद के तत्वावधान में दो दिवसीय विराट संत समागम समारोह व भोजन भंडारा का आयोजन कबीर आश्रम सेलूद में किया गया है। जिसमें प्रथम दिन 1 जून प्रथम दिवस सुबह से पूज्य सन्त गुरुजनों द्वारा गुरु महिमा का पाठ सुबह 9 बजे भोजन प्रसादी प्रारंभ, 9.30 बजे से रात 9 बजे तक स्थानाधिपति साहेब एवं कार्यक्रम में पधारे हुए पूज्य महंत साहेबों के कर कमलों व समस्त भक्त समाज के पावन उपस्थिति में सद्गुरु कबीर साहेब का ध्वजारोहण, पूर्व गुरुजनों का समाधि पूजन होगा। सुबह 10 बजे दीप प्रज्जवलित एवं कार्यक्रम शुरू किया गया पधारे हुए सभी महापुरुषों का स्वागत, सत्यनाम धुन से सतसंग भजन प्रवचन प्रारंभ दोपहर 1 बजे भोजन के बाद दोपहर 3.00 बजे से 6.00 बजे तक सन्तों व महन्त साहेब भजन प्रवचन। द्वितीय दिवस 2 जून पूज्य सन्त गुरुजनों द्वारा ब्रम्ह मुहूर्त में गुरु महिमा का पाठ प्रथम सत्र सुबह 9.00 बजे प्रवचन भक्तों द्वारा खाता बन्दी ईमेल भोजन भण्डारा, 4 बजे सात्विक महायज्ञ, चौका आरती, स्थानाधिपति पूज्य महंत साहेब के कर कमलों से एवं पधारे हुए पूज्य महंत साहेबों, सन्तों, महापुरुषों के भेंट, बिदाई व आभार का कार्यक्रम होगा। इस कार्यक्रम में मुख्य रुप से साहित्य वेदान्ताचार्य सुकृत साहेब शास्त्री संचालक छोटे महन्त परमेश्वर दास साहेब अध्यक्ष सन्त भूपत साहेब, कोठारी संत हीतु साहेब, भन्डारी दीवान, संत हीरा साहेब, संत सुखनंदन साहेब गायक, सन्त भेलसिंग, सन्त राजू, संत छोटू साहेब, तबला वादक सन्त डेहरदास. , एलडी हिरवानी, बालकदास, रमेश साहू आदि का विशेष योगदान रहेगा।

न्यायालय तहसीलदार एवं कार्यपालिक दण्डाधिकारी अहिवारा, जिला दुर्ग (छ.ग.).
रा.प्र.क्र./202404104000043/
ब-121/2023-24 मौजाः- मेडेसरा प.ह.न.:- 07
//उद्घोषणा//
एतद् द्वारा सर्व साधारण को सूचित किया जाता है आवेदिका कमत पिता मेहत्तर जोशी, जाति भड्डरी निवासी मेडेसरा तहसील अहिवारा व जिला दुर्ग (छ.ग.) के द्वारा आवेदन पत्र प्रस्तुत कर अपने स्वयं का कमत पिता मेहत्तर जोशी की जन्म दिनांक 01.01.1984 स्थान मेडेसरा को होना लेख करते हुए जन्म का पंजीयन किसी भी जिले या स्थान में दर्ज नही होने से संबंधित विभाग में जन्म का पंजीयन कराने स्थानीय रजिस्ट्रार (जन्म-मृत्यु) को जन्म-मृत्यु रजिस्ट्रीकरण म.प्र. (सह पठित छत्तीसगढ़ राज्य) नियम 1973 के नियम 10 (3) के अंतर्गत निर्देश/ आदेश देने हेतु आवेदन मय शपथ पत्र, अनुपलब्धता प्रमाण पत्र, आधार कार्ड, आदि दस्तावेज की छायाप्रति इस न्यायालय में विचाराधीन है। अतएवं इस आवेदन के संबंध में जिस किसी भी व्यक्ति / संस्था को कोई आपत्ति, दावा हो तो स्वयं अथवा अपने अभिभाषक के माध्यम से इस न्यायालय में पेशी दिनांक 14.05.2024 को या उसके पूर्व कार्यालयीन दिवस को लिखित में आवेदन प्रस्तुत कर सकते हैं। नियत तिथि के बाद प्राप्त आवेदन पर कोई विचार नही किया जावेगा। यह ईश्तहार आज दिनांक 04.04.2024 को मेरे हस्ताक्षर एवं न्यायालय के सील-मुहर से जारी किया गया है।
पेशी दिनांक :- 14.05.2024
जारी दिनांक :- 12.04.2024
तहसीलदार एवं कार्यपालिक
दण्डाधिकारी अहिवारा

न्यायालय तहसीलदार एवं कार्यपालिक दण्डाधिकारी अहिवारा, जिला दुर्ग (छ.ग.).
रा.प्र.क्र./202404104000042/
ब-121/2023-24 मौजाः- मेडेसरा प.ह.नः- 07
//उद्घोषणा//
एतद् द्वारा सर्व साधारण को सूचित किया जाता है आवेदक धर्मेन्द्र लहरे पिता गिरधारी लहरे, जाति मेहर निवासी मेडेसरा तहसील अहिवारा व जिला दुर्ग (छ.ग.) के द्वारा आवेदन पत्र प्रस्तुत कर अपने स्वयं का धर्मेन्द्र लहरे पिता गिरधारी लहरे की जन्म दिनाँक 20.01.1981 स्थान मेडेसरा को होना लेख करते हुए जन्म का पंजीयन किसी भी जिले या स्थान में दर्ज नही होने से संबंधित विभाग में जन्म का पंजीयन कराने स्थानीय रजिस्ट्रार (जन्म-मृत्यु) को जन्म-मृत्यु रजिस्ट्रीकरण म.प्र. (सह पठित छत्तीसगढ़ राज्य) नियम 1973 के नियम 10 (3) के अंतर्गत निर्देश/ आदेश देने हेतु आवेदन मय शपथ पत्र, अनुपलब्धता प्रमाण पत्र, आधार कार्ड, शैक्षणिक आदि दस्तावेज की छायाप्रति इस न्यायालय में विचाराधीन है। अतएवं इस आवेदन के संबंध में जिस किसी भी व्यक्ति / संस्था को कोई आपत्ति, दावा हो तो स्वयं अथवा अपने अभिभाषक के माध्यम से इस न्यायालय में पेशी दिनांक 14.05.2024 को या उसके पूर्व कार्यालयीन दिवस को लिखित में आवेदन प्रस्तुत कर सकते हैं। नियत तिथि के बाद प्राप्त आवेदन पर कोई विचार नहीं किया जावेगा। यह ईश्तहार आज दिनांक 04.04.2024 को मेरे हस्ताक्षर एवं न्यायालय के सील-मुहर से जारी किया गया है।
पेशी दिनांक :- 14.05.2024
जारी दिनांक :- 12.04.2024
तरहसीलदार एवं कार्यपालिक
दण्डाधिकारी अहिवारा



**खबर संक्षेप**

## बुजुर्ग महिला से लूट का प्रयास, अपराध दर्ज

**भिलाई।** पैदल टहलने गई महिला से अज्ञात युवक लूट का प्रयास किया। शिकायत पर पुलिस ने अज्ञात के खिलाफ धारा 394 के तहत जुर्म दर्ज किया है।भिलाई तीन पुलिस ने बताया कि बजरंग पारा निवासी श्रीमती देवन्ती देवी ने शिकायत किया है। 19 मई की सुबह 5 बजे टहलने के लिए घर से निकली थी। पैदल टहलते हुए सिरसा गेट चौक के आगे नहरनाली के पास पहुंची थी। तभी पीछे से एक अज्ञात युवक आया और दोनों हाथ को पकड़कर हाथ में पहने सोने की चुड़ी को लूटने का प्रयास किया। वृद्ध महिला के चिखने चिल्लाने पर आरोपी ने ईंट के टुकड़े से सिर, आंख के पास हमला कर फरार हो गया। घटना में वृद्ध महिला घायल है जिसे उपचार के लिए अस्पताल में भर्ती कराया गया है।

## पुलिस के मकान से बुलेट और नकदी चोरी



**भिलाई।** आरक्षक के घर में खडी बुलेट और नगदी पार करने का मामला सामने आया है। शिकायत पर पुलिस ने अज्ञात के खिलाफ धारा 380,457 के तहत जुर्म दर्ज किया है। भिलाई तीन पुलिस ने बताया कि उमदा रोड ड्रीम सिटी में किराए के मकान में टिकेन्द्र रहता है। ट्रैफिक पुलिस भिलाई-3 जोन में आरक्षक के पद पर पदस्थ है। 18 मई की रात निजी काम से बहन व जीजा के घर रायपुर गया था। 19 मई की सुबह पड़ोसी ने फोनकर बताया कि उनके घर के पीछे तरफ का दरवाजा खुला है और सामने दरवाजे का ताला टूटा है। घर आकर देखा तो घर में रखे लोहे की पेटी से नगद और घर के सामने खड़ा बुलेट गायब मिला। पुलिस आरोपी की तलाश में जुटी हुई है।

# फॉलो गुड हेबिट्स के तहत कॉलेज, कारखानों में चला जागरुकता अभियान

हरिभूमि न्यूज ▶▶|भिलाई

### चौक-चौराहों पर 21 दिन के चैलैंज से अवगत कराया



ट्रैफिक पुलिस द्वारा चलाए जा रहा फॉलो गुड हेबिटस को लेकर जागरुकता अभियान चलाया जा रहा है। एसपी जितेन्द्र शुक्ला के निर्देश पर वाहन चालको को हेलमेट और सीट बेल्ट लगाने के लिए ट्रैफिक पुलिस जागरुक कर रहा है।

डीएसपी सतीश ठाकुर और संदानंद विंध्यराज ने बताया कि फॉलो गुड हेबिटस अभियान के तहत 21 डे चैलेंज की जानकारी से ट्रैफिक जागरूकता कार्यक्रम के माध्यम से दी जा रही है। 13 मई से लगातार दुर्ग पुलिस द्वारा उक्त अभियान के तहत आम नागरिकों को ,वाहन चालको को हेलमेट, सीट बेल्ट लगाने जागरूक करने चौक चौराहे ,पार्क,कारख़ाने ,कॉलेज माल, आदि जगहों पर ट्रैफिक पुलिस सजग है। फॉलो गुड हेबिड का अभियान के तहत बैनर पोस्टर, पॉम्प्लेट के माध्यम से 21 डे चैलेंज से अवगत कराते हुए बताया गया कि यदि 21 दिन तक लगातार दो पहिया वाहन चालन के दौरान हेलमेट लगाने। चार पहिया वाहन चालन के दौरान सीट बेल्ट लगाते हो तो 22वें दिन से वे आपके अच्छी आदत में सुमार हो जाएगा। बिना हेलमेट, बिना सीट बेल्ट लगाये वाहन चलाते है तो आपको स्वयं असुरक्षित, असुविधाजनक महसूस होता है। ट्रैफिक पुलिस की मुहीम को आम नागरिको के द्वारा वाहन चालकों के लिए लाभदायक बताते हुए दुर्ग पुलिस की प्रशंसा हो रही है। अधिक अधिक से अधिक लोग इस अभियान का हिस्सा बन कर अपना फोटो 21 दिन का चैलेंज स्वीकार कर रहें है।

### एनजेसीएस की बैठक 30 मई को, यूनियनें हो रहीं लामबंद

# सेल कर्मचारियों में वेतन समझौता को लेकर एक बार फिर बंधी उम्मीद

हरिभूमि न्यूज ▶▶|भिलाई

### लंबित एरियर्स व नाइट एलाउंस के लिए बनाएंगे दबाव



भिलाई इस्पात संयंत्र सहित सेल के हजारों कर्मचारियों के लंबित मुद्दों को लेकर फिर एक बार उम्मीद बंध रही है। वेतन समझौता से जुड़े मुद्दों के संबंध में उच्च प्रबंधन द्वारा एनजेसीएस की बैठक का ऐलान कर दिया गया है। बैठक 30 मई को दिल्ली में आयोजित है। लंबित मांगों के निदान के लिए एनजेसीएस यूनियनों ने लामबंद होकर तैयारी शुरु कर दी है।

एनजेसीएस (नेशनल ज्वाइंट कोर कमेटी फार स्टील इंडस्ट्री ) कोर कमेटी की फरवरी महीने में हुई बैठक बिना किसी निर्णय के समाप्त हो गई थी। इससे यूनयिनों में असंतोष बना हुआ है। इस बैठक में अब फिर से वेतन संशोधन से जुड़े मुद्दों पर चर्चा होना है। अपूर्ण वेतन समझौता, एरियर्स,डीए व नाइट शिफ्ट एलाउंस निर्धारण पर निर्णय होना है। इस देखते हुए एनजेसीएस सदस्यों ने उच्च प्रबंधन पर दबाव बनाने रणनीति शुरु कर दी है। बैठक में इंटक, सीटू, एटक, बीएमएस व एचएमएस के प्रतिनिधि शामिल होंगे। उल्लेखनीय है वर्ष 2017 से सेल कर्मचारियों का वेतन समझौता होना है जो अब तक विवादित और अपूर्ण है। वेतन समझौता बैठक में इसे नुकसानदेह बताते हुए दो यूनियन सदस्यों ने एमओयू पर पर साइन नहीं किए थे। जबकि तीन यूनियन प्रतिनिधियों ने किए थे। इसके बाद एनजेसीएस की हुई कई बैठकों में सेल प्रबंधन ने कंपनी की आर्थिक स्थिति और नियमों का हवाला देते हुए मांग के अनुरुप पे रिवीजन समझौता करने से इनकार कर दिया। यूनियनों के मुताबिक यूनियनों की सर्वसम्मति से वेतम समझौता किए जाने का नियम है। प्रबंधन पहली बार बहुमत का हवाला देते हुए एमओयू किया, जो अवैधानिक है। इससे कर्मचारियों को भारी आर्थिक नुकसान होगा। तीस तारीख को सभी लंबित मुद्दों पर प्रबंधन पर दबाव बनाया जाएगा।

**एरियर्स पर बनाएंगे दबाव**

तीस मई को होने वाली एनजेसीएस कोर कमेटी की बैठक में यूनियन सदस्य कर्मचारियों के लंबित एरियर्स पर पुरजोर दबाव बनाएंगे। कर्मचारियों को 39 महीने का एरियर्स बकाया है। पिछली फरवरी को हुई एनजेसीएस बैठक में प्रबंधन से एरियर्स देने से स्पष्ट इनकार कर दिया था। बैठक के बेनतीजा होने से यूनियनों ने हर हाल में एरियर्स लेने की चेतावनी दी थी। इसी तरह नाइट शिफ्ट एलाउंस का निर्धारण भी अब तक नहीं हुआ है। कर्मचारियों को मात्र 90 रुपए नाइट शिफ्ट एलाउंस दिया जा रहा है। यूनियन 320 एलाउंस मांग रहीं है जबकि प्रबंधन 170 रुपए पर अड़ा हुआ था।

**बहाली पर भी जोर**

एनजेसीएस कोर कमेटी की बैठक में दुर्गापुर के निलंबित श्रमिक नेताओं की बहाली पर भी एनजेसीएस यूनियनें प्रबंधन को घेरने की तैयारी में हैं। यूनियनों के मुताबिक दुर्गापुर प्लांट में पिछले दिनों श्रमिक नेताओं के आमरण अनशन करने पर प्रबंधन ने 9 नेताओं को सस्पेंड कर दिया था। इनमें सात लोगों की बहाली हो गई है लेकिन दो श्रमिक नेताओ को अब तक बहाल नहीं किया गया है। इनमें एचएमएस के अध्यक्ष और महासचिव शामिल हैं। यूनियन को उम्मीद है कि बैठक में बहाली हो जाएगी। इस संबंध में सेल डायरेक्टर का आश्वासन मिलना बताया जा रहा है।

# समाजसेवी के साथ लाखों की ठगी करने वाला युवक गिरफ्तार

हरिभूमि न्यूज ▶▶|भिलाई



■ मामला सुपेला थाना क्षेत्र का

समाजसेवी के साथ ठगी करने वाले युवक को पुलिस ने दुर्ग से गिरफ्तार किया है। आरोपी के खिलाफ पुलिस ने धारा 420 के तहत जुर्म दर्ज किया है। सुपेला पुलिस ने बताया कि स्टील कालोनी वार्ड 60 निवासी गुरमीत कौर धनई को रकम दोगुना करने का झांसा देकर श्रेयांश जैन स्वयं फा ई ने श ल एडवाईजर बताकर 56 लाख रुपए का ठगी किया। समय पूरा होने पर समाजसेवी को आरोपी श्रेयांश ने रुपए नहीं लौटाए बल्कि लगातार घूमाता रहा। परेशान होने के बाद पुलिस थाने पहुचकर महिला ने आरोपी के खिलाफ शिकायत किया। पुलिस ने श्रेयांश जैन दुर्ग न्यायालय सरेंडर करने जाने की सूचना पर उसे तुरंत पुलिस ने गिरफ्तार किया। गुरमीत कौर धनई पति की मृत्यु के बाद (एनसीआरबी) एकीकृत जाँच फार्म -1 से मिले पैसे को व्यवस्थित ढंग से इन्वेस्ट करवाने के नाम से आरोपी ने ठगी किया। पीड़िता ने अपने जीवन की गाढी कमाई करीब 56 लाख रूपयों को श्रेयांश जैन को दिया था। आरोपी ने 7 अक्टूबर 2023 को 11 लाख रूपये, 29 अक्टूबर 2023 को 25 लाख और 30 नवंबर 2023 को 20 लाख मुहासे इन्वेस्टमेंट के नाम पर लिया। आरोपी ने महिला को भरोसा दिलाया कि तीन माह के बाद रकम दोगुना हो जाएगा। महिला के पूछने पर आरोपी श्रेयांश जैन रुपए इन्वेस्ट को लेकर आईपीओ शेयर में लगाने की जानकारी दी थी। इसका प्रमाण पत्र आने मे समय लगने की बात कहा था। महिला को आरोपी लगातार झूठा आश्वासन देता रहा। जब आरोपी से रकम वापस करने को कहा गया तो दो चार दिनो मे रकम लौटाने का झांसा देता रहा।

**अग्रिम जमानत भी हुई खारिज**

आरोपी श्रेयांश जैन ने न्यायालय में आत्मसमर्पण करने के पूर्व अग्रिम जमानत के लिए आवेदन पेश किया था। इस दौरान आरोपी श्रेयांश जैन की अग्रिम जमानत याचिका खारिज हो गई। इसके बाद आरोपी कोर्ट में आत्मसमर्पण करना ही भलाई समझा। इसकी जानकारी सुपेला पुलिस को मिलने के बाद न्यायालय परिसर में पुलिस पहुंचकर आरोपी श्रेयांश को गिरफ्तार कर थाने लेकर आई उसके बाद उसे जेल भेज दिया गया।

**दर्जनों शिकायत अब भी पेंडिंग**

पुलिस सूत्रों के अनुसार समाजसेवी गुरमीत धनई को लाखों रूपये का चूना लगाने वाला युवक बेहद शातिर किस्म का है। युवक ने शहर के कई प्रतिष्ठित व्यापारियों को ही रकम बढाकर झांसा देकर अपने जाल में फंसाया। शिकायत के मुताबिक आरोपी श्रेयांश जैन सुपेला, नेवई थाना समेत आसपास के क्षेत्र के लोगों से रकम डबल करने के नाम पर लाखों रूपये की ठगी किया है। जिसकी शिकायत पुलिस थानों में अब भी पेंडिंग है।

# अंतर्राष्ट्रीय मानव अधिकार संगठन वाईडीसी की हुई साप्ताहिक बैठक



हरिभूमि न्यूज ▶▶|भिलाई


■ जामुल पालिका में विकास कार्यों में घोर लापरवाही

रविवार को अंतर्राष्ट्रीय मानव अधिकार संगठन वाईडीसी का साप्ताहिक बैठक सम्पन्न हुआ। बैठक में उपस्थित सदस्यों ने नपा जामुल में हो रहे विकास कार्यों में घोर लापरवाही, भ्रष्टाचार व अधिकारियों की मनमानी के विषय चर्चा की गई।

चर्चा में विभिन्न विषयों में कैसे आवास योजना में एक ही व्यक्ति को दोबारा आवास आबंटित किया जा रहा है। कैसे शुलभ शौचालय के ठेके में भ्रष्टाचार। कैसे आंगनबाड़ी भवन जो साल भर से टेंडर में है लेकिन निर्माण कार्य प्रारंभ नहीं हुआ जबकि उक्त वार्ड में आंगनबाड़ी किराये के मकान में संचालित है। कैसे बिल्डिंग परमिशन के नाम पर लोगों को लूट लिया जाता है। इन सभी विषयों पर चर्चा के लिए संगठन के प्रतिनिधि मंडल मुख्य नगर पालिका अधिकारी जामुल व जिला कलेक्टर दुर्ग से मुलाकात कर इन सब अनियमितताओं को दूर करने चर्चा की गई। संबंधित लोगों के ऊपर कार्यवाही की मांग फिर से करेंगे। इसके अलावा संगठन के रूटीन कार्यक्रम में 25 मई को शाम 7.30 बजे वार्ड-1 में मंगल भवन के पास भारत माता की महाआरती का कार्यक्रम रखा गया है । इस बैठक में मुख्य रूप से सरस बर्मन, डॉ सुखराम साहू, शत्रुहन साहू, संतोष चौरसिया, भगवान सिंह चौहान, रजत मुखर्जी, लेखराम साहू,संतोष दास, ओमप्रकाश साहू, दीपक सिंह,संजय साहू, ढाल सिंह चौहान, आदि उपस्थित रहे।

# दोपहिया वाहन आपस में भिड़े दोनों महिला चालक घायल

हरिभूमि न्यूज ▶▶|भिलाई



■ महिला चालकों को सिर और पैर में लगी है चोट

चंद्रा मौर्या अंडरब्रिज के निकट रेलवे एवेन्यू पर सोमवार को हुई दुर्घटना में दो दोपहिया चालक महिलाएं घायल हो गईं। दोनों घायलों को अलग अलग अस्पताल में भर्ती कराया गया है। एक की स्थिति गंभीर होने की खबर है। एक अन्य घायल महिला प्राईवेट बैंक की कर्मचारी है। गैराज रोड मौर्या अंडरब्रिज तिराहे के समीप करीब सुबह दस बजे तेज रफ्तार से जा रहे दो दोपहिया आमने सामने से टकरा गए।। जेपी चौक की ओर से एक्टिवा नं. सीजी 07 सी, एच -3032 और विपरीत दिशा से आ रही आरमेटर क्रमांक एमएच 36 -टी 0820 की भिड़ंत से दोनों महिला चालक दूर फेका गईं। एक्टिवा चालक रेणुका साहू को सर व हाथ में चोटें आईं वहीं आरमेटर सवार महिला का एक पांव लहुलुहान होकर बुरी तरह फैक्चर हो गया। दस मिनट में मौके पर पहुंची पुलिस ने पीसीआर वैन से एक घायल महिला को सुराज हास्पिटल पहुंचाया। वहीं राहगीरों द्वारा एक्टिवा चालक महिला रेणुका को शास्त्री शासकीय अस्पताल सुपेला में भर्ती कराया गया है। वे एचडीएफसी बैंक चंद्रा मौर्या में कार्यरत हैं। वहीं एक अन्य घायल महिला अज्ञात है। उन्हें सुराज अस्पताल नेहरुनगर चौक पहुंचाया गया है।

### स्टील इंप्लाइज यूनियन इंटक ने प्रबंधन से की मांग

# जेएनएल हासि्पटल में डॉक्टरों की तरह रिटायर पैरामेडिकल स्टाफ की हो संविदा नियुक्ति

हरिभूमि न्यूज ▶▶|भिलाई



स्टील इंप्लाइज यूनियन इंटक ने सेक्टर 9 हॉस्पिटल में रिटायर डॉक्टरों की तरह रिटायर पैरामेडिकल स्टाफ की भी संविदा नियुक्ति करने की मांग की है। संयंत्र कर्मचारी के रिश्तेदारों के प्लांट विजिट कराने पर सिर्फ अफसर के नाम से गेट पास बनवाने पर आपत्ति दर्ज करने के साथ टाउनशिप में टारफेल्टिंग शुरू कराने की मांग की ।

यूनियन की हुई बैठक में सेक्टर नौ हास्पिटल सहित टाउनशिप की लंबित समस्याओं के निदान कराने पर चर्चा हुई। उप महासचिव अनिमेष पसीने ने कहा कि सेक्टर 9 हॉस्पिटल में डॉक्टर एवं पैरामेडिकल स्टाफ की कमी होती जा रही है लेकिन यहां पर सिर्फ रिटायर डॉक्टर को ही संविदा में लिया जा रहा है । जबकि पैरा मेडिकल स्टाफ की भी बहुत कमी है डॉक्टरों की भांति पैरामेडिकल स्टाफ की भी सम्मानजनक मानदेय के साथ संविदा नियुक्ति की जाए, जिससे संयंत्र कर्मियों मेडिकल सुविधा मिल सके ।

उप महासचिव शिव शंकर सिंह ने कहा कि बीएसपी कर्मचारी रिश्तेदार को प्लांट घुमाना चाहता है तो इसके लिए संयंत्र के अधिकारी के नाम से ही परमिशन बनता है। संयंत्र प्रबंधन सिर्फ अधिकारी को एक जिम्मेदार व्यक्ति मानता है। यह 30-35 वर्षो तक सेवा करने वाले संयंत्र के कर्मचारियों का अपमान है,जिसे सहन नहीं किया जाएगा। वरिष्ठ सचिव राजकुमार ने बारिश को देखते हुए टारफेल्टिंग का काम शुरू नहीं हुआ ना ही नाली व बेकलेन सफाई की करवाने कहा।

**थाईराइड के हों नियमित डाक्टर**

थायराइड के मरीज बढ़ने के बाद भी सेक्टर 9 हॉस्पिटल में इसके इलाज के लिए ऑनलाइन अपॉइंटमेंट नहीं है । ऑफलाइन अपॉइंटमेंट लिया जाता है। थायराइड के लिए डॉक्टर वीसी प्रसाद संविदा नियुक्ति पर हैं। उनके छुट्टी पर होने के करण फिर से ऑफलाइन नंबर लगाना पड़ता है। मरीजों के लंबे इंतजार को देखते हुए नियमित डॉक्टर होना जरूरी है । इस्पात भवन चौक पर बोरिया गेट की तरह एवं मुर्गा चौक की ओर बढ़ते ट्रैफिक समस्या के निदान पर बैठक में जोर दिया गया। महासचिव वंश बहादुर सिंह ने सभी मुद्दों पर टाउनशिप प्रबंधन, अस्पताल प्रबंधन एवं पर्सनल विभाग से चर्चा कर जल्दी समाधान कराने की बात कही । बैठक में जीआर सुमन, रेशम राठौर, जीके अग्रवाल, राजकुमार, के रमन मूर्ति, ताम्रध्वज सिन्हा, राजकुमार, डी शंकर, ज्ञानेंद्र पांडेय, राम मूर्ति उपस्थित थे।








बच्चों ने सीखा मार्शल आर्ट प्रमाणपत्र किया वितरित

## लाइव इवेंट

### पॉवर लिफ्टिंग पुरूष टीम प्रतियोगिता के लिए रवाना



- 23 से 25 मई तक आयोजित ऑल इंडिया स्पर्धा
- 5 दिवसीय प्रशिक्षण शिविर में शामिल हुए खिलाड़ी
- टीम रवाना के पूर्व खिलाड़ियों को दी बधाई
- खिलाड़ी करेंगे अच्छा प्रदर्शन

**भिलाई।** हेमचंद यादव विश्वविद्यालय दुर्ग की पॉवर लिफ्टिंग पुरुष टीम तमिलनाडु विश्वविद्यालय चेन्नई में 23 से 25 मई तक आयोजित होने वाले ऑल इंडिया प्रतियोगिता में भाग लेने रवाना हुए। खेल संचालक, शारीरिक शिक्षा डॉ. दिनेश नामदेव ने जानकारी देते हुए बताया कि टीम का 5 दिवसीय प्रशिक्षण शिविर शास. विश्वनाथ यादव तामस्कर स्नातकोत्तर महाविद्यालय, दुर्ग में आयोजित किया गया था। प्रस्थान के पूर्व टीम के खिलाड़ियों ने विश्वविद्यालय में कुलपति डॉ अरूणा पल्टा, कुलसचिव भूपेन्द्र कुलदीप से मुलाकात की।

कुलपति डॉ. अरूणा पल्टा ने सभी खिलाड़ियों को प्रतियोगिता में अच्छे प्रदर्शन के लिए शुभकामनाएं दी। इस अवसर पर विश्वविद्यालय के अधिकारियों में डॉ. प्रशांत श्रीवास्तव, डॉ. राजमणि पटेल, डॉ. सुमीत अग्रवाल, डॉ. प्रीता लाल, राजेन्द्र चौहान, हिमांशु मण्डावी एवं दिग्विजय साहू उपस्थित रहे। टीम के मैनेजर डॉ मेजर सिंह, मनसा महाविद्यालय कोहका भिलाई व कोच दिव्य प्रकाश गुप्ता है। टीम में शामिल खिलाड़ियों में कुशल पटेल स्वरूपानंद महाविद्यालय हुडको, नवीन कुमार सेठ रतनचंद सुराना महाविद्यालय दुर्ग, तोकेश वर्मा मनसा महाविद्यालय कोहका भिलाई, चंदन सेठ रतनचंद सुराना महाविद्यालय, गुणाकर शर्मा - मनसा महाविद्यालय, थानेश्वर धीवर शासकीय महाविद्यालय भिलाई 3, मयंक सोनी स्वरूपानंद महाविद्यालय हुडको रवाना हुए।



## ● गुरुद्वारा श्री गुरु सिंह सभा दुर्ग समाज के बच्चों को संस्कृति से जोड़े रखने की दे रहे शिक्षा

# मुसीबतों का सामना करने 15 साल से सिखा रहे गतका, बच्चों को धर्म से जोड़े रखने चल रहा कीर्तन

भिलाई। गर्मी की छुट्टीयों का आनंद लेने जगह-जगह समर कैंप चलाए जा रहे है जहां बच्चें हुनरमंद बन रहे है। लेकिन वही सिख समाज दुर्ग द्वारा बच्चों को सेवाभाव व धर्म-संस्कृति से जोड़े रखने गतका, कीर्तन, पंजाबी लेंग्वेज आदि विधाओं में पारंगत किया जा रहा है। गुरुद्वारा श्रीगुरु सिंह सभा दुर्ग में समाज के बच्चों के लिए कई क्लासेस चलाई जा रही है। जिससे समाज के बच्चे सेवाभाव से आगे बढ़ सके। दुर्ग सिख संगत के लिए गुरुद्वारा श्री गुरु सिंह सभा के प्रधान सेवादार अरविन्दर सिंह खुराना ने गुरुद्वारे दवरा किए जाने वाले सेवाकार्यो के बारे में बताया। उन्होंने कहा कि गुरुद्वारे में दुर्ग सिख समाज अपने समाज के लिए कई उपराले करता है।

### सुखमनी साबजी का पाठ व कीर्तन

इसी कड़ी में 10 जून को श्री गुरु अर्जन देव महाराज का शहीदी पर्व मनाया जाएगा। इस पर्व को समर्पित गुरुद्वारा साहिब में स्त्री सतसंघ की प्रधान सेवादार सतनाम कौर विरदी सहित कई महिलाएं मिलकर 40 दिन तक श्री सुखमनी साबजी का पाठ शाम 3 से 5 बजे तक कर रही है। समाज के बच्चों को आगे बढ़ाने व समाजिक कार्यो में जोड़े रखने कई क्लासेस भी चलाई जाती है। जिसमें सुबह 9.30 से 11.30 बजे तक स्त्री सतसंघ की अजीत कौर अरोड़ा समाज के बच्चों को पंजाबी सिखाने की क्लासेस लेती है।



### तन, मन व धन लगाकर करते है सेवा

सेवादारों ने बताया कि श्री गुरु सिंह सभा दुर्ग गुरुद्वारे में हर सेवादार अपनी सेवाएं तन, मन, धन लगाकर देते है और सभी की एक ही इच्छा रहती है कि समाज गुरु घर से जुड़ा रहे। दुर्ग गुरुद्वारे में स्त्री सत्संघ हो चाहे हम चाकर गोबिंद शस्त्र विद्या अखाड़ा या फिर दुर्ग ट्रक मलिक संघ सभी का लक्ष्य समाज के गुरु घर से जुड़ा रहना होता है और समाज के साथ ही अन्य किसी जरुरतमंदों के घर कोई तकलीफ हो तो सब मिलकर उसका समाधान करते है।

### 15 साल से सीखा रहे गतका

शाम को देवेंदर सिंह बच्चों को सिख पगड़ी बांधना सिखाते है। स्त्री सतसंघ की बीबियां एवं गुरुद्वारा श्री गुरु सिंह सभा के कीर्तन्य जत्था बच्चों को तबला, ढोलकी एवं कीर्तन करना सिखाते है। शाम 7 बजे से रात 9 बजे तक हम चाकर गोबिंद शस्त्र विद्या अखाड़ा के प्रधान हरविंदर सिंह साथी हरमीत सिंह, ध्यान सिंह, हर्ष सिंह, जितेंद्र पाल सिंह एवं कई सेवादार मिलकर बच्चों को गतका (मार्शल आर्ट) सिखाते है। जिससे बच्चे किसी भी मुसीबत का सामना डट कर सके। गताका की क्लासेज पिछले 15 से सालों से चलाई जा रही है।



### गतका कांम्पीटीशन में भाग लेंगी कई टीमें

हर साल की तरह इस साल भी जून में गतका काम्पीटीशन का भव्य आयोजन किया जाएगा। जिसकी तैयारियां शुरु हो चुकी है, जिसमें बच्चों एवं बड़ो की गुरम्मत ज्ञान की परीक्षा ली जाती है। 1 जून को आयोजित गतका काम्पीटीशन में कई टीमे हिस्सा लेंगी। यह आयोजन शाम 5 बजे से रात 10.30 बजे तक किया जाएगा।





### मरीजों के लिए नि:शुल्क व्यवस्था

दुर्ग गुरुद्वारे में गुरु हर राय के नाम पर सेवाभाव से मरीजों के लिए लैब भी चलाया जाता है जिसमें सिखों के साथ ही सभी समाज के लोग खून जांच, एमआरआई सहित सभी प्रकार के टेस्ट आधे दाम पर किए जाते है।

### बच्चें करेंगे हेमकुंड साहेब के दर्शन

हम चाकर गोबिंद के मिकी नागपाल, मोनिंदर सिंह एवं हम चाकर गोबिंद के बच्चों को संस्कृति से जोड़े रखने हर साल हेमकुण्ड साहिब के दर्शन कराने ले जाया जाता है। इसी कड़ी में इस बार 4 जून को 240 के लगभग संगत को श्री हेमकुंड साहिब हम चाकर गोबिंद के बच्चों को ले जाया जायेगा। हर शनिवार को हम चाकर गोबिंद के बच्चों द्वारा गुरुद्वारा में शाम 7 से 9 बजे तक संगत कीर्तन होता है। जिसके बाद दुर्ग ट्रक मालिक संघ के सभी सेवादार संगत के लिए खुद पूरी तैयारी कर लंगर का आयोजन करते है।

### देते है हर महीने राशन, निशुल्क शव वाहन की सेवा

गुरुद्वारे द्वारा दुर्ग क्षेत्र की सिख समाज की विधवा महिला या जिनके परिवार में किसी भी प्रकार की आवक नहीं है उन महिलाओं का एड्रेस प्रूफ लेकर हर महिने की 7 तारीख को राशन पहुंचाया जाता है। जिससे वे अपने परिवार का भरण-पोषण कर सके। यह पहल दुर्ग गुरुदवरे द्वारा दुर्ग क्षेत्र के लिए ही किया जा रहा है। गुरुद्वारा श्री गुरू सिंह सभा दुर्ग में शव वाहन व फ्रीजर की भी व्यवस्था की गई है। शव को फ्रीजर में रखने व मुक्तिधाम तक ले जाने के लिए कोई शुल्क नही लिया जाता है जिसका उपयोग सभी समाज के लिए निशुल्क रखा गया है।

## सिटी इवेंट

### वर्कशॉप में सीखा एंब्रॉयडरी, शूज डेकोरेशन और डाइनिंग एटीकेट्स



- 7 दिवसीय क्रिएटिव वर्कशॉप एनआईएफडी भिलाई में सफलतापूर्वक आयोजन
- लोगों ने लिया बढ़-चढ़कर हिस्सा, मिला अच्छा रिस्पांस

**भिलाई।** एनआईएफडी (नेशनल इंस्टीट्यूट ऑफ फैशन डिजाइन) भिलाई में आयोजित 7 दिवसीय क्रिएटिव वर्कशॉप का समापन संपन्न हुआ। यह वर्कशॉप 13 मई से लेकर 18 मई तक आयोजित की गई थी। इस वर्कशॉप की खासियत यह थी कि इसमें छात्रों ने मेंटर्स के रूप में काम किया और कई क्रियेटिक स्किल्स सिखाए। इस वर्कशॉप में इंस्टीट्यूट से बाहर के छात्र-छात्राएं एवं महिलाएं भी शामिल थी। वर्कशॉप में छात्रों ने लिप्पन आर्ट, बेसिक मेकअप, एंब्रॉयडरी, शूज डेकोरेशन, कपड़ों का पुनः उपयोग (अपसाइक्लिंग) और डाइनिंग एटीकेट्स जैसी कला और स्किल्स को सिखाया। लोगों ने इन सभी गतिविधियों में बढ़-चढ़कर हिस्सा लिया और नई चीजें सीखकर बहुत आनंदित हुए। वर्कशॉप में भाग लेने वाले सभी लोगों ने इसे अपने लिए एक नई और रोमांचक अनुभव बताया। समर वर्कशॉप ने लोगों को अपनी क्रिएटिविटी को बढ़ाने और कुछ नया सीखने का मौका दिया। डायरेक्टर्स विक्रम खंडेलवाल व टीना खंडेलवाल ने बच्चों के क्रिएटिविटी की सराहना की और बताया कि एनआईएफडी भिलाई इस तरह के और भी कार्यक्रम आयोजित करने की दिशा में प्रयासरत है, ताकि कला और क्रिएटिविटी को और भी प्रोत्साहन मिल सके।



# ईश्वरी उत्कृष्ट सेवा सम्मान से सम्मानित

**भिलाई।** शिक्षक कला प्रतिभा अकादमी छत्तीसगढ़ द्वारा शिक्षा कला व समाजसेवा के क्षेत्र में उत्कृष्ट कार्य करने वाले छत्तीसगढ़ के शिक्षकों को राज्य स्तरीय उत्कृष्ट सेवा सम्मान 2024 से सम्मानित किया गया।इस कार्यक्रम में शासकीय उच्चतर माध्यमिक शाला दुर्ग की व्याख्याता ईश्वरी देवांगन को शॉल, श्रीफल व मोमेंटो देकर उत्कृष्ट सेवा सम्मान 2024 से सम्मानित किया गया। ईश्वरी द्वारा शिक्षा के क्षेत्र में बच्चों के सर्वांगीण विकास के लिए नित नए नवाचार प्रयोग कर संस्कृत व भारतीय संस्कृति से जोड़कर नैतिक शिक्षा व विभिन्न माध्यम से कार्य करती है तथा बेटी बचाओ बेटी पढ़ाओ, नारी तू नारायणी, नारी जागरूकता, नारी उत्थान जैसे विभिन्न समाजसेवी कार्यों में वे निरंतर प्रयासरत रहती हैं। जिसके लिए उन्हें अनेकों सम्मान से सम्मानित किया जा चुका हैं। इसी सत्र में भारतीय साहित्य अकादमी छ. ग. द्वारा महात्मा ज्योतिबा फूले शिक्षा मैत्री अवार्ड से भी सम्मानित किया गया था। ईश्वरी को यह सम्मान मिलने पर शाला, परिवार व समाज में खुशी की लहर है।



# धमधा के तालाब संरक्षण पर दूरदर्शन पर आज सीधा प्रसारण

**भिलाई।** दूरदर्शन में ऐतिहासिक नगर धमधा में तालाबों के संरक्षण एवं संवर्धन पर कार्यक्रम का प्रसारण 21 मई को शाम 6 बजे किया जाएगा। रायपुर दूरदर्शन पर इसे देखा जा सकेगा। धर्मधाम गौरवगाथा समिति के सहयोगियों ने धमधा की ऐतिहासिक व प्राचीन महत्व को बचाने के लिए किये जा रहे सामूहिक प्रयास को लेकर प्रस्तुति दी है। इसमें बताया गया है कि धमधा एक हजार साल पहले प्राचीन नगर था, जहां गोंडवाना के साथ ही विभिन्न राजवंशों का शासन था। उन्होंने पानी बचाने के लिए छह आगर छह कोरी तरिया (126 तालाब) खुदवाये थे। इन तालाबों को अलग-अलग समाज और वर्ग समूह के लोगों ने बनवाए थे। समय के साथ ये विलुप्त हो गए, जिसे धर्मधाम गौरवगाथा समिति ने खोजा और उनका दस्तावेजीकरण किया। समिति ने शासन-प्रशासन से तालाबों को कब्जामुक्त करने की मांग की थी, जिसके बाद एसडीएम एवं नगर पंचायत ने छह तालाबों को कब्जामुक्त करवाया। इन तालाबों में जनसहयोग से काष्ठस्तंभ की स्थापना की गई। इस तरह धमधा में सात विलुप्त तालाबों को नया जीवन दिया गया।

## रूंगटा आर-1 ग्रुप का ओपन कैंपस प्लेसमेंट शुरू

कार्नर न्यूज

# इंजी. से लेकर आर्ट्स ग्रेजुएट के लिए खुला नौकरियों का पिटारा, लाखों का पैकेज



भिलाई। ग्रेजुएट और मल्टीनेशनल कंपनी में नौकरी तलाश करने बालों के लिए रूंगटा आर-1 इंजीनियरिंग कॉलेज में निशुल्क ओपन कैंपस प्लेसमेंट ड्राइव प्लेसमेंटनामा 2024 का आयोजन किया गया है। जिसमें देश की 36 नामी मल्टीनेशनल कंपनियां हायरिंग के लिए आई हुई है। यह ओपन कैंपस प्लेसमेंट 20 से 24 मई तक चलेगा, जिसमें बीए से लेकर बीकॉम, डिप्लोमा, फार्मेसी, मैनेजमेंट और इंजीनियरिंग की पढ़ाई पूरी कर चुका कोई भी अभ्यर्थी शामिल हो सकता है।



### ड्राइव के पहले दिन 5134 अभ्यर्थी हुए शामिल

कैंपस ड्राइव के लिए अब तक 9 हजार आवेदन मिले हैं, जिसमें से ड्राइव के पहले दिन 5134 अभ्यर्थी शामिल हुए। पहले ही दिन कंपनियों के एचआर और टेक्निकल टीम ने इतने अभ्यर्थियों का ऑनलाइन टेस्ट कराया। इसमें चयनित अभ्यर्थियों को ग्रुप डिस्कशन के लिए आगे भेजा गया। अच्छी कम्युनिकेशन साबित करने वाले अभ्यर्थी इंटरव्यू तक पहुंचे। इनका फाइनल चयन किया गया। छात्रों को 12 लाख रुपए सालाना के पैकेज पर नौकरियां ऑफर की गई हैं। इस ओपन प्लेसमेंट ड्राइव में कंपनियां 3 हजार वेकंसी लेकर पहुंची हैं। कंपनियों की बेसिक रिक्वायरमेंट को पूरा करने वाले अभ्यर्थियों को भी हायर किया जा रहा है।

### अभी करें ऑनलाइन आवेदन

प्लेसमेंटनामा की सभी प्रक्रिया पूरी तरह से ऑनलाइन और निशुल्क है। किसी भी स्टूडेंट को पंजीयन करने के लिए भी शुल्क नहीं देना है। पंजीयन के लिए स्टूडेंट्स को वेबसाइट पर जाना होगा। यहां दिए गए निर्देश पूरे कर आप कैंपस ड्राइव का हिस्सा बन पाएंगे। समूह के डायरेक्टर सोनल रूंगटा और डॉ. सौरभ रूंगटा ने बताया कि इन सभी कंपनियों से अनुबंध किया गया है, जिसके तहत कंपनियां चार दिनों तक रूंगटा कैंपस में रहकर प्रदेशभर के युवाओं को परखेगी और उन्हें अच्छे पैकेज पर नौकरियां देंगी। रूंगटा आर-1 ग्रुप यह प्लेसमेंटनामा ओपन कैंपस प्लेसमेंट अपने सामाजिक उत्तरदायित्व के तहत करा रहा है।

### ऐसे करें ऑनलाइन पंजीयन

रूंगटा समूह के डायरेक्टर ट्रेनिंग एंड प्लेसमेंट डॉ. एडविन एंथोनी ने बताया कि पंजीयन के लिए स्टूडेंट्स को वेबसाइट पर पंजीयन के लिए फार्म दिया गया है। इसमें अपनी पर्सनल व शैक्षणिक जानकारी भरनी होगी। जैसे ही आप पूरा फार्म भरेंगे, सब्मिट करने के बाद रजिस्टर्ड मोबाइल नंबर पर वेरीफिकेशन कोड मिलेगा। इसके बाद पेज पर दिख रहे रिक्रूटमेंट ड्राइव ट्रेनिंग के बटन पर क्लिक करना होगा। यहां क्लिक करने के बाद आपको रजिस्टर्ड मोबाइल नंबर दर्ज करना होगा। ओटीपी में एक कोर्ड भी मिलेगा, जिसको एंटर करते ही आप कंपनियों की प्रोफाइल देख पाएंगे। इसके बाद जिस भी कंपनी के लिए एप्लाई करना चाहते हैं, उस पर क्लिक करेंगे।

## सिटी इवेंट

# स्वयंसेवकों ने राहगीरों को वितरित किया जल व प्रसाद




**भिलाई।** परशुराम एकादशी के पावन अवसर पर सार्वजनिक प्याऊ स्थल पर आरएसएस के स्वयंसेवक एवं श्री रामोत्सव समिति रिसाली नगर के कार्यकर्ताओं द्वारा राहगीरों एवं नगर वासियों को शीतल जल, शरबत एवं प्रसाद का वितरण किया गया। इस दौरान सुबह 11 बजे प्रभू राम एवं परशुराम की पूजा अर्चना कर कार्यक्रम की शुरुआत की गई। संघ के सेवा प्रकल्प का यह आयोजन समय समय पर विभिन्न सेवा कार्यों द्वारा किया जाता रहता है। सामूहिक पूजा में विभिन्न सामाजिक संगठनों के प्रमुख, मंदिर समितियों के सदस्य संचालक, स्वयंसेवक तथा विभिन्न सामाजिक संस्थाओं के कार्यकर्ता एकत्रित होकर सार्वजनिक प्याऊ स्थल में स्व प्रेरणा से सेवा कार्य किया। इस अवसर पर भगवती थपलियाल सेवा प्रमुख, रिसाली आरएसएस, मनोज ठाकरे, शंभु दयाल नायक, दीपक मिश्रा विवेकानंद समिति, रमेश शर्मा, राकेश तिवारी, शशिकांत दुबे, ललिता सिंह, सुषमा सिंह, दिनेश पंडिया, राजेन्द्र सिंह, राजेन्द्र तिवारी, सुब्बैयया नायडू, राजेन्द्र सिंह, धर्मेन्द्र सिंह, धनेश्वरी साहू, तरुणा देशमुख, मधुर देवांगन, सितारा देवी, चौवा राम निषाद, मंगेश खंगम, हेमंत कानस्कर प्रमुख रुप से उपस्थित रहे।



## धर्म लाइव

# बुद्ध जयंती पर होंगे अनेक आयोजन, चल रही तैयारी

**भिलाई।** वैशाख पूर्णिमा को त्रिगुण पावन पूर्णिमा कहा जाता है,



इसका इतिहास बौद्ध धम्म के लिए अत्यंत महत्वपूर्ण है। बौद्ध धम्म में वैशाख पूर्णिमा को धार्मिक वातावरण में आयोजित किया जाता है। प्रतिवर्षानुसार इस वर्ष भी बौद्ध कल्याण समिति कोसानगर द्वारा बुद्धभूमि परिसर कोसानगर भिलाई में गुरुवार को भंते महेन्द्र, भंते जीवक एवं भंते धम्मततप के सानिध्य में बुद्ध पूर्णिमा का आयोजन किया गया है। इस अवसर पर उपस्थित भंते संघ की धम्मदेशना पश्चात दिल्ली के पूर्व केबिनेट मंत्री राजेन्द्र पाल गौतम का उद्बोधन होगा। इस धार्मिक कार्यक्रम के आयोजन में बौद्ध उपासक-उपासिकाओं से सहयोग करने अपील की गई है।

## समाजसेवा

# मेडिकल कॉलेज को सौंपी गई अविनाश की काया



**भिलाई।** मृत्यु के बाद भी मानवता की भलाई के लिए मृत शरीर दान देने की एक और अनुकरणीय पहल दुर्ग शहर में की गई। आदित्य नगर, एचआईजी निवासी अविनाश वाजपेयी के मरणोपरांत उनकी पार्थिव काया परिजनों द्वारा प्रनाम के अध्यक्ष पवन केसवानी के माध्यम से चिकित्सा अध्ययन के लिए दान कर दी गई। सितंबर 2021 में दिवंगत अविनाश वाजपेयी के साथ उनके छोटे भाई आशीष वाजपेयी ने सपत्नीक देहदान की वसीयत पवन केसवानी की काउंसलिंग के पश्चात जारी की थी। परिजनों द्वारा देहदानी अविनाश वाजपेयी के निधन की सूचना पर पवन केसवानी द्वारा उनका पार्थिव शरीर दान करने की औपचारिकता संपन्न करायी गई। मृत शरीर चिकित्सा अध्ययन एवं अध्यापन के लिए राजीवलोचन आयुर्वेदिक कॉलेज चंदखुरी को दान किया गया। देहदान से पूर्व उपस्थितजनों को इस बारे में संक्षिप्त संबोधन के पश्चात सामूहिक मौन के साथ श्रद्धांजलि अर्पित किया गया। इस नेक पहल के दौरान उपस्थित लोगों में आशीष वाजपेयी, विद्युत चौधरी, जय बैनर्जी, राकेश साहू, रतन शर्मा, ममता शर्मा,सुनीता बाजपेई अनुराग बाजपेई, मनीषा बाजपेई, दीपेश मंडल, मीरा दुबे, मधुप शर्मा, गवेश यादव, पुष्पा इंगोले, संजय गुप्ता, रोहित रंगारी ,वासुदेव रायकवार, डीके बोस सहित अनेक गणमान्य प्रबुद्धजन उपस्थित थे। प्रनाम संस्था द्वारा विगत 16 सालों में अब तक दो हजार से ज्यादा लोगों को देहदान की वसीयत छत्तीसगढ़ के विभिन्न मेडिकल कॉलेज में उपलब्ध करवाया गया है। जिनमें 205 लोगों के मरणोपरांत उनकी पार्थिव काया चिकित्सा अध्ययन के लिए उपलब्ध करवाई जा चुकी है। देहदान, अंगदान एवं नेत्रदान की पहल से जुड़ने के लिए प्रनाम संस्था में संपर्क किया जा सकता है।

■ प्रनाम के माध्यम से देहदान की अनुकरणीय पहल

## अमलेश्वर में आयोजन की तैयारी अंतिम चरण पर

# पं प्रदीप मिश्रा को सुनने छग सहित देश के कोने-कोने से आएंगे शिव भक्त

**भिलाई/सेलूद।** खारुन नदी तट में बसे पाटन विधानसभा क्षेत्र के प्रवेश द्वार अमलेश्वर में 27 मई से 2 जून तक श्री समर्पण शिवमहापुराण कथा का आयोजन किया गया है। कथा का वाचन अंतरराष्ट्रीय कथा वाचक पं. प्रदीप मिश्रा करेंगे। आयोजन की तैयारी और कार्यक्रम में कार्य विभाजन को लेकर कथा स्थल पर बैठक रखी गई। बैठक में विभिन्न व्यवस्थाओं की जिम्मेंदारी लेने हजारों की संख्या में लोग मौजूद रहे। जिन्हें अलग-अलग विभाग बनाकर जिम्मेंदारियों बांटकर विभाग प्रमुखों को उनकी भूमिका के बारे में बताया गया। आयोजन समिति के प्रमुख विशाल खंडेलवाल, पवन खंडेलवाल, मोनू साहू ने बताया कि 2 साल का इंतजार अब खत्म होने वाला है। पहले कथा सांकरा मैदान में प्रस्तावित थी, लेकिन वहां पर विश्वविद्यालय का कार्य प्रगति पर है। जगह की कमी थी, शिवजी की इच्छा के अनुसार यह कार्यक्रम अमलेश्वर में तय हुआ। आयोजनकर्ताओं ने बताया कि अमलेश्वर में कथा के लिए 55 एकड़ जगह तय की गई है, जहां 2 लाख वर्ग फीट में डोम शेड पंडाल लगाया जा रहा है। 10 एकड़ में भोजनालय की व्यवस्था की गई है। 30 एकड़ से अधिक जगह पार्किंग के लिए तय है। शिव भक्तों की सुविधा के लिए हर जगह पानी की सुविधा होगी। प्रतिदिन 30 से 40 हजार शिवभक्त रात्रि में विश्राम करेंगे।



### 24 घंटे ठंडे पानी व भंडारे की जा रही है व्यवस्था

27 से 2 जून तक चलने वाले शिवमहापुराण कथा के दौरान अनेक समाजसेवियों द्वारा बाहर से आये शिवभक्तों के लिए भोजन व भंडारे की व्यवस्था की जाएगी। जिसके लिए सभी समाजसेवी आयोजकों से संपर्क कर अपना स्थान सुनिश्चित करवा रहे है। गर्मी को ध्यान में रखते हुए जगह-जगह ठंडे पानी की व्यवस्था वृहद पैमाने पर की जाएगी। साथ में एंबूलेंस व डॉक्टरर्स की टीम कथास्थल पर मौजूद रहेगी।



### गर्मी से राहत देने लगेंगे 200 जंबो कूलर



कथा स्थल में गर्मी से बचने 200 जंबो कूलर, सीलिंग फैन, मिस्टिंग शॉवर भी लगाया जाएगा ताकि भक्तों को राहत मिल सके। इसके अलावा बताया गया कि आयोजन की तैयारी बीते कई महीने से चल रही है। वर्तमान में पंडाल निर्माण समेत अन्य व्यवस्थाओं में लोग सहयोग दे रहे। बैठक का संचालन बसंत अग्रवाल ने किया। इस अवसर पर जिपं उपाध्यक्ष अशोक साहू, जिपं सदस्य हर्षा चंद्राकर, राकेश ठाकुर, तहसील साहू संघ पाटन अध्यक्ष दिनेश साहू, दुलारी साहू, मनवा कुर्मी समाज राज प्रधान युगल आडिल, महेंद्र वर्मा, लोकमनी चंद्राकर, कल्याण साहू, डोमन साहू सहित कई समाज प्रमुख उपस्थित थे।

## आकर्षण...



**भिलाई।** प्रख्यात शिल्पकार पद्मविभूषण जातिन दास द्वारा बनाई गई कलाकृतियां सिविक सेंटर जयंती स्टेडियम के पास रेल-सेल उद्यान की शोभा बनने जा रही है। जल्द ही टाउनशिपवासी इस कलाकृति को देख सकेंगे। *(फोटो संजय पांडेय)*

## ग्रीष्मकालीन शिविर का आयोजन

# बच्चों ने सीखा मार्शल आर्ट प्रमाणपत्र किया वितरित



**भिलाई।** छत्तीसगढ़ में मार्शल आर्ट्स की अग्रणी संस्था कारा-कु-जु-बो-काई-कान फुल कॉन्टैक्ट कराते द्वारा दुर्ग-भिलाई के विभिन्न स्थानों में मार्शल आर्ट्स का ग्रीष्मकालीन शिविर चलाया जा रहा है। यह शिविर संस्था के डायरेक्टर सेंसाई गिरिराव के मार्गदर्शन में संचालित किया जा रहा है।इसी कड़ी में कुशाभाऊ ठाकरे भवन, आदित्य नगर दुर्ग में प्रशिक्षक मनोज नेताम द्वारा संचालित शिविर का समापन कार्यक्रम का आयोजन किया गया। जिसमें शिविर के प्रशिक्षण प्राप्त छात्र-छात्राओं को संस्था द्वारा प्रमाणपत्र वितरित किया गया।इस कार्यक्रम के मुख्य अतिथियों में संस्था के डायरेक्टर सेंसाई गिरिराव, पार्षद अमित देवांगन, समाजसेवी राकेश ठाकुर, प्रदीप कुमार सूर्यवंशी, ए आर ध्रुव, एडवोकेट अमित श्रीवास्तव तथा मार्शल आर्ट्स संस्था के सीनियर प्रशिक्षक दीपक गुप्ता, गांधी सोनी, भरत साहू, श्रवण साहू, दीपेश आहूजा, हरप्रीत सिंह, रौनक बेहेरा, अजीत दुबे, निशिता अनंत, विधि मिश्रा, मिशीता साहू, अरमान देवांगन, वेदांत साहू, सारंग गुप्ता, तेजस बापत, विपिन दहाते, प्रार्थना चंदेल, रिया सिंह, समीक्षा राव, दृष्टि यादव सहित अन्य जन उपस्थित थे।

**मार्शल आर्ट में आत्मरक्षा के सीखे गुर**

## षोडश मंत्रोच्चार से हुई पूजा, स्वास्थ्य व समृद्धि की गई प्रार्थना

# मोहनी एकादशी पर सामूहिक सत्यनारायण कथा और यज्ञ का आयोजन, 11 जोड़ों ने दी पूर्णाहुति



**कार्नर न्यूज**

**दुर्ग।** हिंदू पंचांग के अनुसार मोहनी एकादशी की पुण्य दिवस पर संतोषी मंदिर प्रांगण गया नगर वार्ड 4 में सामूहिक सत्यनारायण कथा पूजन व यज्ञ का आयोजन किया गया। विश्व हिंदू परिषद द्वारा सनातन धर्म जनजागरण व जनकल्याण की भावना के तहत आयोजित इस सामूहिक पूजन में मुख्य यजमान पूर्व सभापति दिनेश देवांगन व पार्षद लीना देवांगन सहित 11 जोड़ों ने हवन में पूर्णाहूति दी। इस दौरान शहर विधायक गजेंद्र यादव, पूर्व संघ संचालक गणेशशंकर देशपांडे सहित अनेक जन अनुष्ठान में शामिल हुए। इस अवसर पर शुभ मूहर्त पर विहिप के मठ मंदिर प्रमुख व यज्ञाचार्य पं निलेश शर्मा द्वारा भगवान सत्यनारायण का विधी विधान से 11 प्रमुख बेदियों की स्थापना कराया गया जिसके बाद सत्यनारायण स्वामी का षोडश मंत्रोच्चार से पूजा कर कथा सुनाई।



### भक्ति व धर्म के बिना मानव जीवन अधूरा

मानव जीवन में होने वाले कष्टों के निवारण व समस्त पापों से मुक्ति के लिए मोहनी एकादशी पर शास्त्रों में बताए गए विधियों व कर्म फल का विस्तार से महत्व बताकर यज्ञ तथा सामूहिक आरती कर समस्त मनुष्यों के सकल मनोरथ के लिए प्रार्थना किया गया। यज्ञ पूजन में विधायक गजेंद्र यादव भी शामिल हुए। उन्होंने सनातन धर्म व हिंदू ग्रंथों को जीवन का सार बताकर कहा कि बगैर भक्ति व धर्म के मानव जीवन अधूरा है ऐसे में शुभ तिथियों में धार्मिक आयोजन जनकल्याण का मार्ग प्रशस्त करता है और मोहनी एकादशी पर सामूहिक पूजन करना बेहद पुण्यफलदायी है। उन्होंने पूर्व सभापति दिनेश देवांगन के जन्म दिवस शुभकामनाएं दी।

### 11 जोड़े हुए शामिल

सामूहिक सत्यनारायण कथा व यज्ञ में 11 जोड़ों ने पूजन व हवन शामिल होकर पूर्णाहूति दी। जिसमें गीता उत्तम साहू, विद्या अशोक सोनी, उषा युधिष्ठिर सोनी, ममता हेमंत सोनी, गीता संतोष साहू, सरोजनी यशवंत साहू सपत्नीक शामिल हुए। इस आयोजन में लता शर्मा, सखाराम देवांगन, नरेंद्र सोनी, मंजूषा तिवारी, चंचल तिवारी, अमरीका निर्मलकर, राधा चंद्राकर, मंजू चंद्राकर, धनराज सोनी, अनीता यादव, डीलेश्वरी राजपूत, सरस्वती शर्मा, राधिका सोनी, कमला शंकर साहू, हेमिन यादव, सुमन भारती, पिंकी तिवारी, पोषण यादव, सुनीता सिन्हा, रेखा महिकवार सहित अनेक जन यज्ञ में शामिल हुए।

## सिटी स्पोर्ट्स

# मास्टर्स टेबल टेनिस में शैलेष और दिव्या बने विजेता




**रायपुर।** छत्तीसगढ़ टेबल टेनिस संघ के तत्वावधान में राजधानी टेबल टेनिस संघ जिला रायपुर द्वारा सप्रे शाला टेबल टेनिस हाल में आयोजित "रायपुर जिला मास्टर्स टेबल टेनिस प्रतियोगिता संपन्न हुई। सचिव विनय बैसवाड़े ने बताया कि लीग में पुरुष एकल (आयु वर्ग 40) में शैलेष डागा, पुरुष एकल (आयु वर्ग 60) में सुरेश सादीजा तथा महिला एकल (आयु वर्ग 40) में दिव्या आमदे विजेता बने। प्रतियोगिता के समापन एवं पुरस्कार वितरण समारोह के मुख्य अतिथि रायपुर महानगर टेबल टेनिस संघ के सचिव शकील साजिद थे। मंच पर छत्तीसगढ़ टेबल टेनिस संघ के उपाध्यक्ष प्रदीप जोशी, राजधानी टेबल टेनिस संघ, जिला रायपुर के सचिव विनय बैसवाड़े व मुख्य निर्णायक पीएन. मजुमदार उपस्थित थे।

**दो चरणों में हुई प्रतियोगिता :** प्रतियोगिता लीग पद्धति पर दो चरणों में आयोजित की गयी थी जिसमें प्रथम चरण में पुरुष एकल (आयु वर्ग 40) एवं पुरुष एकल (आयु वर्ग 60) के तीन ग्रुप में से प्रत्येक ग्रुप के प्रथम एवं द्वितीय स्थान प्राप्त खिलाड़ियों ने दूसरे चरण के सुपर लीग में प्रवेश किया। इस अवसर पर विनय केजरीवाल, केबी. सिंह, एनआईएस. कोच अशफाक, शिवम यादव, अनुपम बापट एवं अन्य सदस्यगण, खिलाड़ीगण उपस्थित थे।

## नुस्खा

# सोकर उठने पर रूखे-बिखरे दिखते हैं बाल तो आज ही बदल लें अपनी आदतें



महिलाओं की खूबसूरती में चार चांद लगाने में उनके बालों का सबसे बड़ा योगदान होता है। ऐसे में हर महिला चाहती है कि उनके बाल सिल्की और शाइनी दिखें। हालांकि, कई बार ऐसा देखने को मिलता है जब बाल एक दिन पहले तक तो काफी शाइनी नजर आते हैं, लेकिन जैसे ही अगली सुबह आप सोकर उठते हैं, तो वो सिल्की और शाइनी बाल फ्रिजी और रूखे बालों में बदल जाते हैं। कुछ आसान टिप्स अपनाकर आप अपने बालों की चमक को वापस पा सकते हैं और हेल्दी और मजबूत भी बना सकते हैं।

**रेशम का तकिया करेगा मदद-**फ्रिजी और रूखे बालों से छुटकारा पाने के लिए आप रेशम या साटन के पिलो कवर्स का इस्तेमाल कर सकते हैं। दरअसल, सूती कपड़े से बने पिलो कवर्स पर बाल ज्यादा रगड़ खाते हैं, जिसके चलते आपके बाल ज्यादा उलझते हैं और फिर रूखे और बेजान दिखने लगते हैं। ऐसे में आप रेशमी या साटन के कपड़े से बने पिलो कवर्स का इस्तेमाल कर अपने बालों की चमक को बरकरार रख सकते हैं।

**गीले बालों से बढ़ती है परेशानी-**अक्सर ऐसा देखने को मिलता है जब महिलाएं शाम के समय बालों को वॉश करती हैं और फिर गीले बालों में ही सो जाती हैं, जिसकी वजह से बाल अगले दिन फ्रिजी दिखने लगते हैं। दरअसल, गीले बालों में डैमेज होने का खतरा ज्यादा रहता है। इन सब से अलग गीले बालों में सोने से फंगल इन्फेक्शन होने का खतरा भी बढ़ जाता है। ऐसे में जरूरी है कि सोने से पहले आप अपने बालों को अच्छे से सुखा लें।

**हेयर ड्रायर-तौलिए को कहें 'ना'-**महिलाएं अपने बालों को सुखाने के लिए तौलिए या हेयर ड्रायर का इस्तेमाल करती हैं। ऐसे में कुछ समय के लिए तो बाल सुलझे और शाइनी नजर आते हैं, लेकिन फिर जल्द ही वो बेजान दिखने लगते हैं। एक ओर जहां हेयर ड्रायर आपके बालों को डैमेज करता है तो वहीं, तौलिए का इस्तेमाल आपके बालों की प्राकृतिक नमी को छीन लेता है। इससे छुटकारा पाने के लिए आप अपनी किसी भी कॉटन टी-शर्ट या एक माइक्रोफाइबर तौलिए का उपयोग करें। यह न केवल आपके बालों से अतिरिक्त पानी को अवशोषित करेगा, बल्कि फ्रिजीनेस से भी बचाएगा।

**खुले बाल भी बढ़ाते हैं परेशानी-**ज्यादातर महिलाएं अपने बालों को खोलकर सोना पसंद करती हैं, इससे भी सुबह उठने के बाद बाल फ्रिजी और रूखे दिखने लगते हैं। ऐसे में आप सोते समय हेयर रैप का इस्तेमाल करें। हेयर रैप पहनकर सोने से आपने बालों में गांठें नहीं पड़ती हैं। साथ ही इससे आपके बालों की नमी भी बची रहती है।

---

### एक्सरसाइज से ब्लड सर्कुलेशन बेहतर होता है और स्ट्रेस कम होने लगता है

# रोजमर्रा की जिंदगी में करेंगे ये 5 बदलाव तो हाई ब्लड प्रेशर का खतरा होने लगेगा कम

हाइपरटेंशन या हाई ब्लड प्रेशर ऐसी स्वास्थ्य संबंधी समस्या है जो धमनियों में होने वाली दिक्कतों का कारण बनती है, खासकर इससे दिल की बीमारियों का खतरा बढ़ सकता है। वहीं, हाइपरटेंशन को साइलेंट किलर भी कहा जाता है। हाई ब्लड प्रेशर की समस्या जीवनशैली की आदतों के कारण घट या बढ़ सकती है। ऐसे में यहां रोजमर्रा की कुछ ऐसी आदतों और कामों का जिक्र किया जा रहा है, जिन्हें लाइफस्टाइल का हिस्सा बनाकर हाई ब्लड प्रेशर होने की संभावना को कम किया जा सकता है।



### एक्सरसाइज करना

रोजाना एक्सरसाइज की जाए या एक्सरसाइज को लाइफस्टाइल का हिस्सा बना लिया जाए तो शरीर फिट रहता है और कई स्वास्थ्य संबंधी दिक्कतों का खतरा कम होने लगता है। एक्सरसाइज से ब्लड सर्कुलेशन बेहतर होता है और स्ट्रेस कम होने लगता है सो अलग. आप स्विमिंग, साइक्लिंग और डांसिंग जैसी एक्टिविटीज को भी अपने लाइफस्टाइल का हिस्सा बना सकते हैं। कम से कम हफ्ते में 150 मिनट एक्सरसाइज करना जरूरी होता है।

### हेल्दी वेट होना

शरीर के एक्सेस वेट को कम करके भी कई स्वास्थ्य संबंधी दिक्कतों को कम किया जा सकता है जिनमें हाइपरटेंशन की दिक्कत भी शामिल है। मोटापा हाई ब्लड प्रेशर के रिस्क फैक्टर्स में शामिल है। इसीलिए हेल्दी वेट के लिए रोजाना वॉक किया जा सकता है या खानपान में बदलाव किए जा सकते हैं।

### खानपान का ख्याल रखना

अपने खानपान में फल, सब्जियां, साबुत अनाज और लीन प्रोटीन को शामिल करके ब्लड प्रेशर को कम किया जा सकता है। साथ ही, डाइट में सोडियम को कम करना जरूरी है। आप पौटेशियम को खानपान में शामिल कर सकते हैं। केले, पालक और शकरकंदी पौटेशियम का अच्छा स्त्रोत होते हैं।

### तनाव को कम करना

क्रॉनिक स्ट्रेस हाइपरटेंशन की वजह बनता है। ऐसे में तनाव को कम करने की कोशिश की जानी चाहिए। अपने खानपान से लेकर एक्सरसाइज या वर्कआउट का ध्यान रखकर तनाव कम किया जा सकता है। कई योगासन और मेडिटेशन के अलावा ब्रीदिंग एक्सरसाइज भी तनाव कम करने में मददगार होती है।


### एल्कोहल का सेवन सीमित करना

जिन लोगों को रोजमर्रा की जिंदगी में एल्कोहल के सेवन की आदत है उन्हें इस आदत को तुरंत बदलने की जरूरत है। एल्कोहल का सेवन सीमित करने पर हाई ब्लड प्रेशर की दिक्कत होने की संभावना को कई हद तक कम किया जा सकता है।

---

# बच्चों की ग्रोथ के लिए सॉलिड फूड है जरूरी

छोटे बच्चों को अक्सर 6 महीने का होने के बाद से ही ठोस खाना देना शुरू कर दिया जाता है। कुछ दादी-नानी बच्चों 4 महीने की उम्र से ही मां के दूध के अलावा चीजें देना शुरू कर देते हैं। बच्चे के विकास के लिए ठोस खाना जरूरी है, लेकिन ये कब देना है ये जानना सबसे जरूरी है। जरूरी नहीं की आप 6 महीने पूरे होते ही बच्चे को ठोस खाना देना शुरू कर दें। कई बार बच्चे तैयार नहीं होते हैं और उन्हें लूज मोशन जैसी समस्या होने लगती है। ऐसे में बच्चों में दिख रहे इन लक्षणों को देखकर ही उन्हें ठोस खाना खिलाना शुरू करें।



### जब बच्चा सीख जाए बैठना

अगर बच्चा 6 महीने पूरे होने के बाद भी ठीक से नहीं बैठता है तो यह समय है कि आपको कुछ दिन रुकना चाहिए। ध्यान दें कि जब बच्चा कुर्सी पर सीधा बैठने लगे तो समझ लें कि वह ठोस खाना खाने को तैयार है। खाना खाकर बच्चे की सेहत ना बिगड़े इसके लिए ये ध्यान देना जरूरी है कि बच्चा सही से बैठने लगे।

### सिर पर नियंत्रण

कुछ बच्चों का सिर स्थिर नहीं हो पाता है। अगर बच्चे का सिर स्थिर नहीं हो रहा है तो बच्चे को घुटन हो सकती है। जब सिर स्थिर होगा तो उन्हें खाना ठीक से निगलने में मदद मिलती है।

### जब चीजों को चबाए बच्चा

अगर आपका बच्चा खिलौनों या दूसरी चीजों को मुंह में लेता है और चबाता है, तो यह संकेत दे सकता है कि वह खाना खाने के लिए तैयार है। आप बच्चों को चबाने के लिए खीरा, गाजर दे सकते हैं। ऐसा करने से बच्चों में टीथिंग में भी मदद मिलती है।

---

# इस तरह घर पर बनाए फ्रेंच फ्राइस बच्चों को मिलेगी खुशी

बच्चों के लिए उनकी पसंदीदा चीजें बनाई जाती हैं तो उनके चेहरे पर एक अलग ही खुशी देखने को मिलती है। यदि आपके मन में भी इन गर्मी के दिनों में बच्चों के लिए कुछ अलग हटकर बनाने का मन कर रहा है तो हम आपको बताने जा रहे हैं बाजार जैसे फ्रेंच फ्राइस बनाने का तरीका। यह आपको बाजार मे मिलने वाले फ्रेंच फ्राइस से ज्यादा सेहतमंद रहेगा साथ ही यह बाजार से सस्ता भी पड़ेगा। इसे बनाने में भी मुश्किल से 10 मिनट का समय लगेगा। आप बच्चों को शाम के वक्त चाय के साथ खाने को दे सकती हैं। स्नैक्स के रूप में फ्रेंच फ्राइस एक बेहतरीन ऑप्शन बनता है।

### आवश्यक सामग्री

250 ग्राम आलू
स्वादानुसार नमक
स्वादानुसार चाट मसाला
तलने के लिए तेल



### बनाने की विधि

आलू छीलकर लंबाई में फ्रेंच फ्राइज की शेप में काट लें और पानी में डालते जाएं। इससे आलू काले नहीं पड़ेंगे। 5 मिनट तक कटे आलू पानी में रहने दें। अब एक बर्तन में पानी डालकर उसे गैस पर रख दें. पानी जब उबलने लगे तो उसमें नमक और आलू के टुकड़े डाल दें। अच्छा उबाल आने के बाद 5 मिनट तक ढक कर रख दें। फिर आलू के टुकड़े पानी से निकाल लें और कपड़े से हल्के हाथ से पोंछकर सुखा लें। अब एक कड़ाही में तेल गर्म करें और उसमें आलू के टुकड़े डालकर सुनहरे होने तक फ्राई करें और किचन पेपर पर निकाल लें। लीजिए तैयार हैं गर्मागर्म फ्रेंच फ्राइज। सॉस और चाट मसाला के साथ सर्व करें।

---



# शनिवार को घर में नही लानी चाहिए ये दस चीजें

यूं तो किसी भी वस्तु के उपयोग या क्रय करने का समय उसकी आवश्यकता पर ही निर्भर करता है, परंतु ज्योतिष शास्त्र में भी इसके कुछ नियम बताए गए हैं। इस कड़ी में जानिए ऐसी कौन सी वस्तुएं हैं जो शनिवार को घर नहीं लानी चाहिए या इस दिन इन्हें नहीं खरीदना चाहिए।

**लोहे का सामान-**भारतीय समाज में यह परंपरा लंबे समय से चली आ रही है कि शनिवार को लोहे का बना सामान नहीं खरीदना चाहिए। ऐसा माना जाता है कि शनिवार को लोहे का सामान क्रय करने से शनि देव कुपित होते हैं। इस दिन लोहे से बनी चीजों के दान का विशेष महत्व है। लोहे का सामान दान करने से शनि देव की कोप दृष्टि निर्मल होती है और घाटे में चल रहा व्यापार मुनाफा देने लगता है। इसके अतिरिक्त शनि देव यंत्रों से होने वाली दुर्घटना से भी बचाते हैं।

**तेल खरीदने से घर आता है रोग -** इस दिन तेल खरीदने से भी बचना चाहिए। हालांकि तेल का दान किया जा सकता है। काले श्वान को सरसों के तेल से बना हलुआ खिलाने से शनि की दशा टलती है। ज्योतिष के अनुसार, शनिवार को सरसों या किसी भी पदार्थ का तेल खरीदने से वह रोगकारी होता है।



**नमक लाने से आता है कर्ज-**नमक हमारे भोजन का सबसे अहम हिस्सा है। अगर नमक खरीदना है तो बेहतर होगा शनिवार के बजाय किसी और दिन ही खरीदें। शनिवार को नमक खरीदने से यह उस घर पर कर्ज लाता है। साथ ही रोगकारी भी होता है।

**कैंची लाती है रिश्तों में तनाव :** कैंची ऐसी चीज है जो कपड़े, कागज आदि काटने में सबसे ज्यादा इस्तेमाल की जाती है। पुराने समय से ही कपड़े के कारोबारी, टेलर आदि शनिवार को नई कैंची नहीं खरीदते। इसके पीछे यह मान्यता है कि इस दिन खरीदी गई कैंची रिश्तों में तनाव लाती है। इसलिए अगर आपको कैंची खरीदनी है तो किसी अन्य दिन खरीदें।

**काले तिल बनते हैं बाधा :** सर्दियों में काले तिल शरीर को पुष्ट करते हैं। ये शीत से मुकाबला करने के लिए शरीर को गर्मी को बरकरार रखते हैं। पूजन में भी इनका उपयोग किया जाता है। शनि देव की दशा टालने के लिए काले तिल का दान और पीपल के वृक्ष पर भी काले तिल चढ़ाने का नियम है, लेकिन शनिवार को काले तिल कभी न खरीदें। कहा जाता है कि इस दिन काले तिल खरीदने से कार्यों में बाधा आती है।

**काले जूते लाते हैं असफलता :** शरीर के लिए जितने जरूरी वस्त्र हैं, उतने ही जूते भी। खासतौर से काले रंग के जूते पसंद करने वालों की तादाद आज भी काफी है। अगर आपको काले रंग के जूते खरीदने हैं तो शनिवार को न खरीदें। मान्यता है कि शनिवार को खरीदे गए काले जूते पहनने वाले को कार्य में असफलता दिलाते हैं।

**परिवार पर कष्ट :** रसोई के लिए ईंधन, माचिस, केरोसीन आदि ज्वलनशील पदार्थ आवश्यक माने जाते हैं। भारतीय संस्कृति में अग्नि को देवता माना गया है और ईंधन की पवित्रता पर विशेष जोर दिया गया है लेकिन शनिवार को ईंधन खरीदना वर्जित है। कहा जाता है कि शनिवार को घर लाया गया ईंधन परिवार को कष्ट पहुंचाता है।

---

## कॉर्नर न्यूज

### गर्मी की वजह से दस्त, उल्टी, गैस और डिहाइड्रेशन जैसी होने लगती हैं समस्याएं

# गर्मियों में बच्चों और बुजुर्गों को लू से बचाने के लिए अपनाएं ये टिप्स, रखें इन बातों का ध्यान

इस साल भीषण गर्मी पड़ रही है। धूप और तेज गर्मी का असर सबसे ज्यादा छोटे बच्चों और बुजुर्गों पर पड़ता है। इम्यूनिटी कमजोर होने की वजह से इन लोगों को लू लगने का खतरा ज्यादा बना रहता है। जिसकी वजह से उन्हें दस्त, उल्टी, गैस और डिहाइड्रेशन जैसी समस्याएं होने लगती हैं। अगर आपके घर पर भी छोटे बच्चे और बुजुर्ग व्यक्ति हैं तो उनकी सेहत बनाए रखने के लिए गर्मियों में ऐसे रखें उनका ख्याल।



### बॉडी को रखें हाइड्रेटेड-

गर्मी में लू चलने की वजह से शरीर में पानी की कमी यानी डिहाइड्रेशन का खतरा बढ़ जाता है। ऐसे में बॉडी को हाइड्रेट बनाए रखने के लिए थोड़ी-थोड़ी देर में पानी, नींबू पानी और नारियल पानी का सेवन करते रहें। ध्यान रखें, गर्मियों में कम से कम 8 से 10 गिलास पानी रोजाना पिएं।

### धूप में निकलने से बचें-

लू से बचने के लिए जरूरी है कि आप घर से निकलते समय शरीर को अच्छी तरह से ढक कर ही बाहर निकलें। कोशिश करें, दोपहर 12 बजे से लेकर दोपहर 3 बजे तक बाहर निकलने से परहेज करें।

### शरीर में पानी की कमी नहीं होने दें

डाक्टरों के अनुसार तेज गर्मी और लू से छोटे बच्चों और बुजुर्गों का बचाव करने के लिए हर हालत में उनके शरीर में पानी की कमी नहीं होने दें। इसके लिए बच्चों को ओआरएस का घोल पिलाएं। अगर प्यास न भी लगी हो तो भी थोड़ी-थोड़ी देर में पानी पीते रहें।

**कुछ खाकर ही घर से निकलें-**गर्मियों में कभी भी खाली पेट बिना कुछ खाए घर से बाहर न निकलें। ऐसा करने से तेज धूप में आपको चक्कर आ सकते है और आप बेहोश होने के साथ बीमार भी पड़ सकते हैं।



### हल्के रंग के ढीले कपड़े-

गर्मी से बचाव करने के लिए हमेशा हल्के रंग के ढीले कपड़े पहनने की कोशिश करें। हल्के रंग के कपड़े पहनने से व्यक्ति को गर्मी कम लगती है। गर्मी में सूती कपड़े पहनना सेहत के लिहाज से ज्यादा फायदेमंद रहता है। इस तरह के फ्रैब्रिक के कपड़े पहनने से हवा लगती है और पसीना कम आता है।

### इन लक्षणों को पहचानें-

व्यक्ति को लू लगने पर चक्कर आना, घबराहट, तेज सिरदर्द और सीने में दर्द जैसे लक्षण दिखाई देने लगते हैं। अगर आपको ऐसे लक्षण दिखाई दें तो तुरंत किसी पास के डॉक्टर को दिखाकर सलाह लें। ये लक्षण लू लगने के संकेत हो सकते हैं।

